दैनिक
बुलन्द मंज़िल
Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)

PRGI NO. - UPBIL/25/A4797

उ.प्र. के जनपद सम्भल से प्रकाशित...
बरेली मण्डल व मुरादाबाद मण्डल के जनपद अमरोहा, रामपुर, बिजनौर से प्रसारित...

वर्ष : 01 | अंक : 101 | संभल, मंगलवार 24 मार्च 2026 | पृष्ठ : 12 | मूल्य: 05/-रू.

आवश्यकता है
मेरठ, हापुड़, बरेली, गाज़ियाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ आदि शहरो में जनपद स्तर, तहसील स्तर, ब्लॉक स्तर पर पत्रकारों की आवश्कयकता है।
सम्पर्क सूत्र
मोब.- 8630704122

पेज :- 03- महानगर के 9 मंडलों में मन की बात , डॉ श्यामा प्रसाद...


पेज :- 04- रोटरी क्लब हापुड़ के नवनियुक्त अध्यक्ष मुस्लिम कुरैशी..

भारत तेल और गैस संकट से कैसे निपट रहा?: संसद में पीएम मोदी बोले

27 से बढ़कर 41 हुए आयात के स्रोत

पेट्रोल-डीजल की सुचारु आपूर्ति बरकरार रखने की कोशिश जारी

नई दिल्ली । पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में अपनी बात रखी। उन्होंने देश को आश्वस्त करते हुए कहा है कि देश अपनी पूरी क्षमता के साथ इस ऊर्जा संकट से निपट रहा है। पीएम ने आगे क्या कहा, आइए जानते हैं। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि भारत ने बड़ी मात्रा में कच्चा तेल, गैस और फर्टिलाइजर जैसी अहम चीजें होर्मुज से आती हैं। होर्मुज में फिलहाल जहाजों का आना-जाना मुश्किल हुआ है। पीएम मोदी ने कहा, हमारी सरकार का प्रयास रहा है कि पेट्रोल-डीजल और गैस की सप्लाई प्रभावित न हो। हम सभी जानते हैं कि दे अपनी जरूरत की 60 फीसदी एलपीजी आयात करता है। इसकी सप्लाई में अनिश्चितता के कारण सरकार ने इसके घरेलू उत्पादन को प्राथमिकता दी है।



साथ ही इसके देश में उत्पादन को बढ़ाया जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि सरकार और उद्योग के साझा प्रयास से हम परिस्थितियों का

इथेनॉल मिक्सिंग की तैयारी से मिल रहा फायदा: पीएम

बेहतर तरीके से सामना कर पाएंगे। पेट्रोल-डीजल की सुचारु आपूर्ति बरकरार रखने की कोशिश जारी पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति लगातार बरकरार रखने की कोशिश की जा रही है। बीते एक दशक में उठाए गए कदम अब और भी प्रासंगिक हो गए हैं। भारत ने बीते 11 साल में अपनी ऊर्जा जरूरतों की आपूर्ति का डायवर्सिफिकेशन किया है। पहले भारत में 27 देशों से कच्चे तेल और गैस का आयात किया जाता था। अब भारत 41 देशों से ऊर्जा जरूरतों का आयात किया जाता है। भारत ने कच्चे तेल के भंडारण को भी प्राथमिकता दी है। आज भारत के पास 53 लाख मीट्रिक टन का स्ट्रैटिजिक रिजर्व है और 65 लाख मीट्रिक टन के रिजर्व पर काम किया जा रहा है। पिछले 11 वर्ष में हमारी रिफाइनरिंग क्षमता भी बढ़ी है। इथेनॉल मिक्सिंग की तैयारी से मिल रहा फायदा: पीएम भारत लगातार अलग-अलग सप्लायर्स से भी संपर्क में है। हमारा प्रयास है कि जहां से संभव हो वहां से सप्लाई होती रहे। हमारा प्रयास है कि तेल हो गैस हो, फर्टिलाइजर हो, ऐसे सभी जहाज भारत तक सुरक्षित पहुंचें। हम सभी वैश्विक सहयोगियों के साथ निरंतर संवाद कर रहे हैं, ताकि हमारे मैरिटाइम कॉरीडोर सुरक्षित रहें। इन वाताओं के चलते होर्मुज में फंसे हमारे कई जहाज भारत आए भी हैं। हमारी एक और तैयारी बहुत काम आ रही है। बीते 10-11 साल में इथेनॉल की मिक्सिंग को बढ़ाया गया है। आज पेट्रोल में 20 फीसदी तक इथेनॉल की मिक्सिंग को बढ़ाया गया है। रेलवे के विद्युतीक?ण से भी काफी फायदा हो रहा है। इतना इलेक्ट्रिफिकेशन आज न होता तो भारत को 180 करोड़ लीटर तेल अतिरिक्त लगता।

प्रयागराज में बड़ा हादसा

अमोनिया गैस टैंक फटने से कोल्ड स्टोरेज धराशायी, आठ मजदूरों की मौत, कई गंभीर



प्रयागराज : गंगापार इलाके के फाफामऊ के पास चंदापुर गांव में स्थित कोल्ड स्टोरेज धराशायी हो गया। तेज आवाज के साथ अमोनिया गैस टैंक फटने के चलते हादसा हुआ है। कोल्ड स्टोरेज जिस समय गिरा उस समय वहां पर दो दर्जन से अधिक मजदूर मौजूद थे, जो मलबे में दब गए। हादसे में आठ मजदूरों की मौत बताई जा रही है। छह की हालत नाजुक है। एनडीआरएफ टीम बचाव कार्य में जुटी है। घायलों को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह कोल्ड स्टोरेज पूर्व मंत्री अहमद का बताया जा रहा है। फाफामऊ क्षेत्र के चंदापुर में प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर स्थित सपा नेता और पूर्व मंत्री अंसार अहमद का कोल्ड स्टोरेज तेज धमाके के साथ धराशायी हो गया। अमोनिया गैस टैंक फटने के चलते यह हादसा हुआ है। मलबे में डेढ़ दर्जन से अधिक मजदूर दब गए। आनन फानन में सभी को बाहर निकाला गया। इसमें आठ मजदूरों के मौत की बात कही जा रही है। छह की हालत नाजुक बताई जा रही है। जिले भर की एंबुलेंस को राहत बचाव कार्य में लगाया गया है। एनडीआरएफ और एसडीआरफ की टीम रेस्क्यू आपरेशन में जुटी है।हादसे के चलते मलाक हरहर में लखनऊ हाईवे पर वाहनों का आवागमन ठप हो गया है। मौके पर जिलाधिकारी मनीष कुमा वर्मा, पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। मलबे में डेढ़ दर्जन से अधिक लोग दब गए। घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस से एसआरएन अस्पताल पहुंचाया गया है। फाफामऊ समेत आसपास के कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई है।

सार संक्षेप

सोनम वांगचुक को एससी से बड़ी राहत, कोर्ट ने किया केस का निपटारा

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत हिरासत, के खिलाफ उनकी पत्नी गीतांजलि जे अंगमो द्वारा दायर याचिका का सोमवार को निपटारा कर दिया। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने कहा कि केंद्र ने 14 मार्च को वांगचुक की हिरासत का आदेश रद्द कर दिया था। न्यायालय ने कहा कि इस मामले में अब कुछ भी नहीं बचा। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा था कि क्या सरकार द्वारा वांगचुक की हिरासत पर पुनर्विचार किए जाने की कोई संभावना है, उनकी स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए। केंद्र ने 14 मार्च को बताया कि उसने लेह में हिंसक प्रदर्शनों के बाद वांगचुक की गिरफ्तारी के लगभग छह महीने बाद रासुका के तहत उनकी हिरासत को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। लेह में हिंसक प्रदर्शनों में चार लोगों की मौत हो गयी थी। लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर लेह में हुए प्रदर्शनों के दो दिन बाद 26 सितंबर 2025 को वांगचुक को हिरासत में लिया गया। इन प्रदर्शनों में 22 पुलिसकर्मियों समेत 45 से अधिक लोग घायल हुए थे।

जनता दर्शनः सीएम योगी बोले

बेफिक्र होकर देशसेवा कीजिए, आपके परिवार की सुरक्षा, सम्मान सरकार के जिम्मे



लखनऊ : सीएम योगी ने जनता दर्शन में सैनिकों व आम लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने भरोसा दिया कि सरकार परिवारों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करेगी। प्रशासन को समयसीमा में समाधान के निर्देश दिए किया कि निश्चिंत होकर घर जाइए। सरकार हर समस्या का उचित निराकरण कराएगी। जनता दर्शन में विभिन्न जनपदों से पुलिस, जमीनी विवाद, आर्थिक सहायता व स्थानांतरण आदि से जुड़े मामले भी आए। सीएम ने एक-एक कर सबकी समस्याओं को सुना, प्रार्थना पत्र लेकर अधिकारियों को समय सीमा के अंदर उनके उचित निस्तारण का निर्देश दिया। जनता दर्शन में कई जनपदों से सैनिक भी आए। इनमें से कुछ मामले जमीनी विवादों के भी थे। सीएम योगी ने इनके प्रार्थना पत्र लिए और स्थानीय जिला-प्रशासन व पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि देश की सीमा व आंतरिक सुरक्षा में तैनात जवानों से संपर्क करें। उनकी समस्याओं का हर हाल में समयसीमा के अंदर उचित निराकरण कराएं और पीड़ित परिवार को संतुष्ट करें। जनता दर्शन में पुलिस, जमीनी विवाद, आर्थिक सहायता और स्थानांतरण से जुड़े मामले भी आए। सीएम योगी ने पीड़ितों के प्रार्थना पत्र लेते हुए कहा कि जमीनी विवाद में सभी पक्षों को सुनकर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। इलाज के लिए आर्थिक सहायता के मामले पर सीएम ने मरीज के परिजनों से कहा कि आर्थिक सहायता के लिए आवेदन करते हुए अस्पताल से एस्टिमेट बनवा लीजिए। सरकार हर तबके की मदद के लिए तत्पर है। आप मरीज की देखभाल कीजिए, इलाज की चिंता सरकार पर छोड़ दीजिए, सरकार पूरी मदद करेगी। धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा।

बजट सत्र से पहले सीएम रेखा गुप्ता का संदेश,

कहा, विकास, सुविधाएं और हरित राजधानी पर फोकस

नई दिल्ली । दिल्ली सरकार ने सोमवार को बजट सत्र से पहले विधानसभा में खीर समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा



कि आगामी बजट विकास की गति तेज करने, बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने और निवासियों के जीवन स्तर में सुधार लाने पर केंद्रित होगा। इस समारोह में कैबिनेट मंत्रियों और विधायकों के साथ-साथ किसान, चिकित्सक और शिक्षक भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए, गुप्ता ने कहा कि बजट का लक्ष्य बेहतर नागरिक सुविधाएं, उन्नत बुनियादी ढांचा और एक ऐसा सकारात्मक वातावरण तैयार करना है जहां लोग आराम से रह सकें। उन्होंने कहा कि सरकार निवासियों की लंबे समय से लंबित आकांक्षाओं को पूरा करने और दिल्ली के विकास को एक नयी गति देने के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री के अनुसार, बजट में छात्रों के लिए बेहतर सुविधाओं, स्वास्थ्य सेवा अवसंरचना तथा स्वच्छ हवा व हरित राजधानी सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कदम शामिल होंगे। उन्होंने इस बजट को दिल्ली को अधिक रहने योग्य और टिकाऊ बनाने की एक कार्ययोजना करार दिया है। गुप्ता ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले एक साल में राष्ट्रीय राजधानी में विकास की दिशा बदलने के लिए काम किया है और यह बजट उन प्रयासों को और मजबूत करेगा।

मुख्यमंत्री योगी ने की मेट्रो परियोजनाओं की समीक्षा, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य के दिए निर्देश

लखनऊ,: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रदेश में संचालित मेट्रो परियोजनाओं की प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी कार्य तय समयसीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को आधुनिक, सुगम और विश्वस्तरीय शहरी परिवहन व्यवस्था में देश का अग्रणी राज्य बनाना सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए निर्माण से लेकर संचालन तक हर स्तर पर दक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन और संबंधित विभागों के बीच नियमित समन्वय बैठकें आयोजित करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेट्रो केवल आवागमन का साधन नहीं है, बल्कि शहरों की अर्थव्यवस्था को गति देने और निवेश आकर्षित करने का मजबूत माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेट्रो परियोजनाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए आय के नए स्रोत विकसित किए जाएं। स्टेशनों और परिसरों में व्यावसायिक गतिविधियों जैसे मल्टीलेवल पार्किंग, रिटेल, फूड कोर्ट और ऑफिस स्पेस को बढ़ावा दिया जाए, विज्ञापन और डिजिटल ब्रांडिंग के अवसरों का अधिकतम उपयोग हो, तथा मेट्रो की भूमि और अन्य परिसंपत्तियों का बेहतर ढंग से उपयोग किया जाए। ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट के माध्यम से बड़े स्तर पर राजस्व सृजन, भूमि मूल्य संवर्धन और निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया गया, ताकि मेट्रो परियोजनाएं दीर्घकाल में आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि मेट्रो के साथ मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी को मजबूत किया जाए और लास्ट माइल कनेक्टिविटी को प्राथमिकता दी जाए।

प्रधानमंत्री ने कुछ नया नहीं कहा', प्रियंका बोलीं- संसद में पश्चिम एशिया पर चर्चा होनी चाहिए

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री मोदी ने आज लोकसभा में पश्चिम एशिया में व्याप्त संकट पर बयान दिया है। वहीं कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने उनपर निशाना साधते हुए कहा कि उनके बयान में कुछ भी नया नहीं था। कुल मिलाकर, जहां सरकार स्थिति को संभालने और प्रभाव कम करने की बात कर रही है, वहीं विपक्ष इस मुद्दे पर खुली और विस्तृत चर्चा की मांग कर रहा है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पश्चिम एशिया पर दिए गए बयान को लेकर सवाल उठाए हैं और संसद में इस मुद्दे पर विस्तृत चर्चा की मांग की है। प्रियंका गांधी ने सोमवार को संसद परिसर



में मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने जो बयान दिया, उसमें कोई नई बात नहीं थी। उन्होंने कहा कि देश को सिर्फ जानकारी दी गई, लेकिन इस गंभीर मुद्दे पर सभी पक्षों की राय सामने आनी चाहिए। उनका मानना है कि संसद में चर्चा होने से सरकार और विपक्ष दोनों अपने-अपने विचार रख सकेंगे, जिससे देश को पूरी तस्वीर समझने में मदद मिलेगी। लोकसभा में पीएम मोदी ने पश्चिम एशिया तनाव पर दिया बयान दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव और युद्ध जैसी स्थिति पर बयान दिया था। उन्होंने कहा कि इस संकट के दौरान भारत सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता भारतीय नागरिकों की सुरक्षा है। सरकार लगातार सतर्क है और जरूरत पड़ने पर हर संभव मदद देने के लिए तैयार है। उन्होंने यह भी माना कि यह स्थिति चिंताजनक है और इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था और आम लोगों की आजीविका पर पड़ रहा है। होर्मुज से माल ढुलाई में दिक्कत- पीएम मोदी प्रधानमंत्री ने खास तौर पर ऊर्जा और ईंधन आपूर्ति को लेकर भी बात की। उन्होंने बताया कि युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य से होने वाली माल ढुलाई में दिक्कत आ रही है, जो तेल और गैस सप्लाई के लिए बहुत अहम मार्ग है। इसके बावजूद सरकार कोशिश कर रही है।

सुप्रीम कोर्ट के जज ने यूएपीए के अत्यधिक इस्तेमाल पर जताई गहरी चिंता,

कहा- असहमति को अपराध बनाना विकसित भारत का मॉडल नहीं

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति उज्जवल भुइयां ने कहा है कि असहमति को अपराध घोषित करने, आतंकवाद रोधी कानून यूएपीए के तहत अंधाधुंध गिरफ्तारियों और गहरी सामाजिक दरारों के माध्यम से 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता है। रविवार को बेंगलुरु में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन में न्यायमूर्ति भुइयां ने उच्च न्यायपालिका में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व पर अफसोस व्यक्त किया। उन्होंने इसकी तुलना देश भर में जिला न्यायपालिका में न्यायिक अधिकारियों के पदों पर 50 प्रतिशत से अधिक महिलाओं की नियुक्ति से की। न्यायमूर्ति भुइयां ने कहा ष्लेकिन क्या संवैधानिक अदालतों में भी यही प्रणाली लागू हुई है? सवाल यही है। यहीं पर कॉलेजियम प्रणाली की जांच पड़ताल



का महत्व सामने आता है। ऐसा क्यों है कि जब मूल्यांकन व्यक्तिपरक हो जाता है, तो महिलाएं उस स्तर तक नहीं पहुंच पातीं? उन्होंने कहा, 1950 से अब तक उच्चतम न्यायालय के 287 न्यायाधीशों में से कुल मिलाकर केवल 11 महिला न्यायाधीश रही हैं। ऐसा क्यों? फातिमा बीवी से लेकर अब न्यायमूर्ति नागरत्ना तक, यह आंकड़ा लगभग दो प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि कॉलेजियम के व्यक्तिपरक मूल्यांकन मानदंडों के अनुसार, बहुत कम लोगों का ही उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में चयन होता है। गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के इस्तेमाल के संबंध में गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए, उन्होंने 2019 से 2023 तक के आंकड़ों का हवाला दिया और कहा कि सही मायने में विकसित राष्ट्र को राजनीतिक नारों के बजाय संवैधानिक मूल्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

बंगाल में हुमायूं कबीर के साथ ओवैसी का गठबंधन

ममता की टीएमसी के लिए मुश्किल हुई लड़ाई



कोलकाता : पश्चिम बंगाल चुनाव में इस बार ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी को कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ सकता है। भाजपा जहां पूरी ताकत से चुनाव लड़ रही है और दूसरी तरफ हुमायूं कबीर और एआईएमआईएम के गठबंधन से टीएमसी के मुस्लिम वोटबैंक में भी सेंध लगने का खतरा है। हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने पश्चिम बंगाल चुनाव के लिए हुमायूं कबीर की पार्टी आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के साथ गठबंधन का एलान किया है। हुमायूं कबीर तृणमूल कांग्रेस से विधायक रहे हैं, लेकिन बीती साल टीएमसी ने कबीर को पार्टी से निष्कासित कर दिया था, जिसके बाद हुमायू कबीर ने नई पार्टी आम जनता उन्नयन पार्टी बनाने का फैसला किया। हुमायूं कबीर का 182 सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान हुमायूं कबीर ने आगामी विधानसभा चुनाव में 182 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। हुमायूं कबीर 15 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों का एलान भी कर चुके हैं। हुमायूं कबीर खुद रेजीनगर सीट से चुनाव लड़ेंगे। हुमायूं कबीर दो मुर्शिदाबाद जिले की दो सीटों से चुनाव लड़ेंगे। जिनमें रेजीनगर के अलावा नौवाला सीट शामिल है। हुमायूं कबीर मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद का निर्माण करा रहे हैं। जिसके लिए उन्हें करोड़ों रुपये का चंदा मिलने की बात कही जा रही है। बाबरी मस्जिद के निर्माण को लेकर वे बीते दिनों काफी चर्चा में थे और जिस तरह से उन्हें लोगों का समर्थन मिला, उसे देखते हुए माना जा रहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में हुमायूं कबीर और असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी का गठबंधन सत्ताधारी टीएमसी को मुस्लिम बहुल सीटों पर खासा नुकसान पहुंचा सकता है। ममता बनर्जी की ऐसे बढ़ी चिंता पश्चिम बंगाल में मुस्लिम मतदाता 85 सीटों पर निर्णायक स्थिति में हैं। ये सीटें राज्य के पांच जिलों में फैली हैं, जिनमें मुर्शिदाबाद, मालदा, उत्तर दिनाजपुर, बीरभूम और दक्षिण 24 परगना शामिल हैं। ये जिले मुस्लिम बहुल हैं, जहां मुर्शिदाबाद में 66 फीसदी, मालदा में 51 फीसदी, उत्तरी दिनाजपुर में 49 फीसदी, बीरभूम में 37 फीसदी और दक्षिण 24 परगना में 35 फीसदी के करीब मुस्लिम आबादी रहती है। साल 2021 के विधानसभा चुनाव में टीएमसी ने इन जिलों की 85 विधानसभा सीटों में से 75 पर कब्जा जमाया था। मुर्शिदाबाद जिले में 22 विधानसभा सीटें हैं और मुर्शिदाबाद में हुमायूं कबीर का अच्छा खासा प्रभाव है।

दैनिक
बुलन्द मंज़िल

सम्पादकीय

संभल
मंगलवार, 24 मार्च 2026
Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)

तीसरे विश्व युद्ध की दहलीज पर दुनिया

28 फरवरी 2026 की सुबह ने पश्चिम एशिया को एक ऐसे संकट में धकेल दिया। जिसकी गूंज पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है। अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हवाई हमलों ने ईरान के सैन्य ढांचे को हिलाकर रख दिया है। तेहरान की सड़कों पर उठता धुआं, सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की मौत के बाद उपजी अस्थिरता और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में युद्धपोतों की तैनाती, ये सब इस बात का संकेत हैं कि दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की दहलीज पर खड़ी है। इस युद्ध की वजह से कई देशों में डीजल, पेट्रोल, गैस का संकट उत्पन्न हो गया है। हालांकि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बात मान ली है और ये ऐलान कर दिया है कि इजराइल अब ईरान के गैस और तेल ठिकानों पर बमबारी नहीं करेगा लेकिन गैस और तेल अमेरिका की कमजोर नस है। इसलिए ईरान खाड़ी देशों सऊदी अरब, अमीरात और कुवैत की रिफायनरी पर लगातार हमले कर रहा है। इन हमलों से जो नुकसान हुआ है। उसे दुरुस्त करने में कम से कम आठ महीने लगेंगे। इसीलिए तेल और गैस के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। तेल और गैस ठिकानों पर हुए हमलों से खाड़ी के देशों को गहरी चोट पहुंची है। ईरान ने पिछले तीन हफ्तों में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में तेल व गैस से भरे एक दर्जन से ज्यादा जहाजों पर हमले किए हैं। रविवार को ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के पास अमेरिका का एफ-15 फाइटर जेट मार गिराने का दावा किया है। इसलिए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का इलाका ट्रंप के गले की हड्डी बन गया है। पूरी दुनिया से अकेले लड़ने की ताकत रखने वाले डॉनाल्ड ट्रंप को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज संकट ने दूसरे देशों से मदद मांगने पर मजबूर कर दिया है। वैश्विक संकट की इस घड़ी में जब संयुक्त राष्ट्र बेअसर नजर आ रहा है। महाशक्तियां एक-दूसरे के सामने खड़ी हैं और ज्यादातर देश अपना पक्ष चुन चुके हैं तब भारत की निष्पक्ष स्थिति और प्रधानमंत्री मोदी की 'संवाद ही समाधान' वाली अपील दुनिया के लिए अंतिम उम्मीद बन गई है। युद्ध के महज तीन हफ्तों में वैश्विक विशेषज्ञों ने खुलकर कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही इस संघर्ष को रोक सकते हैं। अमेरिकी कर्नल डॉगलस मैकग्रेगर, यूएई के पूर्व राजदूत हुसैन हसन मिर्जा, फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने स्पष्ट रूप से कहा कि अमेरिका-इजरायल-ईरान युद्ध को रोकने के लिए एक मध्यस्थ चाहिए और वह आदर्श रूप से भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही हैं। मैकग्रेगर ने जोर दिया कि भारत की निष्पक्षता, पीएम मोदी की दोनों पक्षों तक व्यक्तिगत पहुंच और भारत की उभरती वैश्विक शक्ति इसे संभव बनाती है। चूंकि यह संघर्ष पिछले तीन हफ्तों में भयावह रूप ले चुका है। इस वजह से वैश्विक तेल की कीमतें 115 डॉलर प्रति बैरल को पार कर गई हैं। जिससे दुनिया भर में महंगाई का संकट पैदा हो गया है। इस संवेदनशील घड़ी में प्रधानमंत्री मोदी ने जो सक्रियता दिखाई। उसने दुनिया को अचंभित कर दिया। युद्ध शुरू होने के महज 48 घंटों के भीतर दो मार्च को उन्होंने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात की। इसके बाद 12 मार्च को ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से सीधा संवाद किया। हर बातचीत में एक ही संदेश था- सैन्य संघर्ष हल नहीं, संवाद और कूटनीति ही रास्ता है। मोदी ने नागरिक सुरक्षा, ऊर्जा स्थिरता और क्षेत्रीय शांति पर जोर दिया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद, जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला, कतर के अमीर, कुवैत के क्राउन प्रिंस, ओमान के सुल्तान, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से भी बात की। यह फोन डिप्लोमेसी भारत की सक्रिय शांति कूटनीति का प्रमाण है। जब दुनिया में युद्ध छिड़ा हो तो कोई भी देश उसके प्रभाव से अछूता नहीं रह सकता। भारत पर भी इसका असर हो सकता है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी असाधारण योग्यता और दूरदर्शिता के बल पर अब तक देश को इस संकट की आंच से बचाए कर रखा है।

भगत सिंह बनाम गांधी : एक अनुचित तुलना

बलिदान दिवस आज



विवेक शुक्ला

भगत सिंह के बलिदान दिवस (23 मार्च) के आसपास कुछ विद्वान और इतिहासकार यह दावा करने लगते हैं कि महात्मा गांधी ने भगत सिंह को फांसी के फंदे से बचाने के लिए कोई गंभीर या ठोस प्रयास नहीं किया। यह विवाद जल्द ही सोशल मीडिया पर भी फैल जाता है और बहस छिड़ जाती है। लोग दोनों महान व्यक्तित्वों को आमने-सामने खड़ा कर देते हैं- 'भगत सिंह बनाम गांधी'। बड़ा सवाल उठता है- आखिर यह तुलना क्यों की जाती है? क्या यह उचित और न्यायसंगत है? क्या दोनों के रास्ते वास्तव में पूरी तरह विपरीत थे, या यह इतिहास की जटिलता को अनावश्यक रूप से सरल बनाने की कोशिश मात्र है?

सबसे पहले हमें दोनों की पृष्ठभूमि को ठीक से समझना होगा। महात्मा गांधी 1915 में दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटे और उन्होंने अहिंसा तथा सत्याग्रह को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का मूल आधार बना दिया। चंपारण सत्याग्रह, खेड़ा आंदोलन, असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह (दांडी यात्रा) और अंत में भारत छोड़ो आंदोलन जैसे बड़े अभियानों के जरिए उन्होंने लाखों-करोड़ों साधारण भारतीयों को जागृत किया और उन्हें ब्रिटिश शासन के खिलाफ एकजुट किया। उनका दृढ़ विश्वास था कि साधन जितने अधिक शुद्ध, नैतिक और अहिंसक होंगे, परिणाम उतने ही स्थायी, मजबूत और सार्थक होंगे। दूसरी ओर, भगत सिंह ने मात्र 23 वर्ष की अल्पायु में ही अमर शहादत दी। वे महज 'बम फेंकने वाले क्रांतिकारी' नहीं थे-वे गहन नास्तिक, वैज्ञानिक समाजवादी चिंतक और विचारक भी थे। उन्होंने 'मैं नास्तिक क्यों हूँ?' जैसा प्रभावशाली निबंध लिखा और क्रांतिकारी विचारधारा को ठोस वैज्ञानिक तथा तार्किक आधार प्रदान किया। वे एक सच्चे चिंतक क्रांतिकारी थे।

दोनों का अंतिम लक्ष्य बिल्कुल एक ही था- ब्रिटिश साम्राज्यवाद की जड़ों से भारत को मुक्त कराना और एक शोषण-मुक्त, समतामूलक समाज की स्थापना करना। लेकिन उनके चुने हुए साधन और तरीके अलग-अलग थे। गांधीजी का मानना था कि हिंसा केवल हिंसा को ही जन्म देती है और इससे स्थायी शांति या न्याय नहीं मिल सकता। वहीं भगत सिंह की दृढ़ धारणा थी कि क्रूर साम्राज्यवादी शक्तियाँ केवल बल और प्रतिरोध की भाषा ही समझती हैं, इसलिए उनसे मुकाबला करने के लिए सशस्त्र संघर्ष आवश्यक है।

गांधी क्रांतिकारियों की बहादुरी का सम्मान करते थे। उन्होंने भगत सिंह को 'शहीदों का राजकुमार' कहा और उनकी फांसी के बाद कराची कांग्रेस (1931) में प्रस्ताव पास कराया



: 'यह कांग्रेस शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की बहादुरी और बलिदान की प्रशंसा दर्ज करती है।' लेकिन उन्होंने हिंसा का अनुकरण कभी नहीं किया।

अब मुख्य सवाल-तुलना क्यों की जाती है? यह बहस 1931 की फांसी के बाद से शुरू हुई, लेकिन आज राजनीतिक ध्रुवीकरण ने इसे और तेज किया है। कुछ लोग भगत सिंह को 'असली स्वाधीनता सेनानी' बताकर गांधी को 'समझौतावादी' या 'ब्रिटिश एजेंट' कहते हैं। यह बाएं-दाएं या हिंदुत्व बनाम सेकुलर बहस का हिस्सा बन गया है। युवा भगत सिंह की शहादत से प्रेरित होते हैं-हंसते-हंसते फांसी चढ़ने वाला 23 साल का लड़का, जो 'इंकलाब जिंदाबाद' का नारा देता है। वहीं गांधी की अहिंसा को 'निष्क्रिय' माना जाता है। सोशल मीडिया पर मीम्स और वीडियो इस तुलना को बढ़ावा देते हैं।

लेकिन क्या यह सही है? बिल्कुल नहीं। सबसे पहले, दोनों कभी आमने-सामने नहीं आए। वे मिले भी नहीं। भगत सिंह 1924 के बेलगाम कांग्रेस सत्र में अपने पिता के साथ गए थे, जहां गांधी अध्यक्ष थे, लेकिन कोई प्रत्यक्ष बातचीत का रिकॉर्ड नहीं है। उनकी उम्र और भूमिका अलग थी-गांधी 61 साल के राष्ट्रीय नेता थे, भगत सिंह युवा क्रांतिकारी। गांधी पूरे देश को एकजुट करने वाले थे, जबकि भगत सिंह हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करते थे।

गांधी ने भगत सिंह की फांसी रोकने के लिए पूरी कोशिश की।दिल्ली वालों को पता है कि जिसे अब सुभाष पार्क कहा जाता है, वह कभी एडवर्ड पार्क कहलाता था। इधर ही 7 मार्च, 1931 को महात्मा गांधी ने एक सार्वजनिक सभा को संबोधित किया था। वो सभा इसलिए आयोजित की गई थी ताकि गोरी सरकार पर भगत सिंह और उनके दोनों साथियों राजगुरु और सुखदेव को फांसी के फंदे से बचा लिया जाए। उस सभा में गांधी जी ने कहा था 'मैं किसी भी स्थिति में, किसी को फांसी की सजा देने को स्वीकार नहीं कर सकता हूं। मैं यह सोच भी नहीं सकता हूं कि भगत सिंह जैसे वीर पुरुष को फांसी हो।'

गांधी-इरविन समझौते (5 मार्च 1931) के दौरान गांधी ने वायसराय लॉर्ड इरविन से कई बार अपील की। 17 फरवरी 1931 को उन्होंने कहा- 'यह चर्चा से असंबंधित है, लेकिन वर्तमान माहौल बेहतर बनाने के लिए भगत सिंह की फांसी को स्थगित कर दें।' इरविन ने जवाब दिया कि स्थगन पर विचार किया जा सकता है। 18 फरवरी, 19 मार्च और 21-22 मार्च को भी बैठकें हुईं। अंतिम दिन 23 मार्च 1931 को गांधी ने इरविन को भावुक पत्र लिखा- 'जनमत चाहे सही या गलत, सजा में रियायत मांगता है- शांति के हित में अंतिम अपील है।'

भगत सिंह खुद माफी की अर्जी नहीं देना चाहते थे; वे शहीद होना चाहते थे ताकि क्रांति का संदेश जाए। इसलिए आरोप कि 'गांधी ने नहीं बचाया' गलत है और राजनीतिक प्रचार का हिस्सा है।

दोनों की विचारधारा में अंतर था, लेकिन दोनों पूरक थे। भगत सिंह की क्रांतिकारी गतिविधियों ने ब्रिटिश को डराया और गांधी के सत्याग्रह को मजबूती दी। दोनों धर्म के नाम पर नफरत के खिलाफ थे-भगत सिंह नास्तिक थे, गांधी आस्तिक लेकिन सर्वधर्म समभाव के पक्षधर। भगत सिंह ने जेल में भूख हड़ताल की, जो सत्याग्रह जैसी थी। गांधी ने हिंसा की निंदा की लेकिन बहादुरी का सम्मान किया।

भगत सिंह बनाम गांधी की यह बहस पूरी तरह मिथ्या और अनुचित है। दोनों ने अपने-अपने ढंग से देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। भगत सिंह ने मात्र 23 वर्ष की युवावस्था में हंसते-हंसते फांसी पर चढ़कर अमर शहादत दी, जबकि गांधी ने 78 वर्ष की लंबी अहिंसक यात्रा में अथक संघर्ष किया-दोनों ही आज भी प्रेरणा के स्रोत हैं। हमें इनकी तुलना करने के बजाय दोनों का गहरा सम्मान करना चाहिए। **(लेख में व्यक्त विचार लेखक के निजी विचार हैं)**

चिरंतन

स्वदेशी 'मॉडल' ही समर्थ भारत का आधार



जयराम शुक्ल



यह समय बाहर से न्योती गई इस बाजारू गुलामी के सत्य को समझने का है। संकट और एकांत में मनुष्य के ज्ञानचक्षु खुल जाते हैं, उन्हें आज खोलने की जरूरत है। बाजार आज हमें हांक रहा है। हम क्या खाएं, क्या देखें, सुनें, सोचें कैसे रहें इन सब बातों का नियामक आज बाजार और उपभोगवाद बन गया है। खाड़ी युद्ध और उसके संभावित दुष्प्रभाव के बीच जिस तरह हमसब जी रहे हैं उससे यह सोचने का अवसर तो मिलता ही है कि हम क्यों बाजार की कठपुतली के तौरपर खुद को बदले दे रहे हैं। इस ओढ़ी हुई गुलामी को उतार फेंकें और उतने में ही गुजारा करने की सोचें जो हमारा अपना है, स्वदेशी है, स्वनिर्मित है।

भारतीय समाज के समक्ष पंच परिवर्तन का विचार रखते हुए अपने बौद्धिक में डॉ. भागवत ने स्वदेशी की उसी बात को आगे बढ़ाने की बात की जिसकी अवधारणा गांधीजी ने 'हिंद स्वराज' और 'मेरे सपनों के भारत' में रखी, डाक्टर राममनोहर लोहिया, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने समय-समय पर अपने लेखन व प्रबोधनों में व्यक्त की थी। स्वदेशी का विचार ही हमारे स्वाभिमानी भविष्य का आधार बन सकता है यह सोचना चाहिए। आज यदि स्वदेशी का प्रादर्श/प्रकल्प हमारे पास होता तो हम इस संकट को भी पहले की भाँति चीटी-मटे के दंश की तरह झेल जाते। हम ज्यादा नहीं साठ के दशक की ओर ही लौटें। देश में आधुनिक संसाधन कुछ भी नहीं थे। सिंचाई, सड़क, बिजली, संचार, परिवहन बहुत ही कम, सिर्फ़ शहरों, कस्बों तक सीमित। वैश्विक पैमाने पर दरिद्रता भले ही रही हो पर ग्राम्यसमाज में स्वदेशी का स्वाभिमान था। हर छोटे से बड़ा गांव अपने आप में आर्थिक इकाई था। इस ग्राम्यसमाज में हर वृत्ति कर्ताओं का बराबरी का योगदान था। गांव का उत्पादन और पूँजी गाँव को तृप्त करने के बाद ही बाहर निकलती थी। पक्के मकान, मोटर गाड़ी, मोबाइल, कुछ नहीं थे लेकिन आदमी खुश था। समाज सन् सरसठ का अकाल झेल गया। शायद ही किसी ने किसानों या मजदूरों के आत्महत्या की खबर सुनी हो। देसी अन्न, देसी मन, देसी पद्धति सब कुछ देसी। भले ही उत्पादन कम रहा हो लेकिन सबकुछ तृप्तिदायक था। अब इस नई खेती ने हमारे पांच हजार वर्ष पुराने सहकार को एक झटके में नष्ट कर दिया। जिस सहकार ने गोधन, गोबरधन, गोपाल, कृषि, कृष्ण, किसन, किसान, हलधर जैसे शब्द दिए और समाज ने इनकी दैवीय प्राण प्रतिष्ठा की। बाजार ने हमारी उत्सव धर्मिता को विद्रूप कर दिया, उसके मायने बदल दिए।

आज खेत अन्न उगल रहे हैं लेकिन हर अन्न अपने भीतर एक बीमारी लिए हुए है। बीज डंकल पेटेन्ट और उसके साथ खरपतवार बोनस में फ्री। उस खरपतवार को मारने वाली दवा बीज से भी महंगी। कीटपतंगों को मारने वाला पेस्टीसाइड नई भयंकर बीमारियों के साथ हमारे जीवन में घुस गया। अन्न उपजाने वाले पंजाब हरियाणा से दिल्ली-मुंबई जाने वाली रेलगाड़ियां भाँगड़े का उल्लास नहीं अपितु कैंसर की कराह ढोती हैं। अन्न के उत्पादन का ड्योढ़ा बीमारियों का इलाज खा जाता है। इलाज के उपकरण और दवाई भी वहीं से आयातित जहां से अन्न का बीज, खरपतवार नाशक विष। खेती गुलाम बना दी गई। हमारे बीज छिन गए। मैकाले ने हमारी विद्यापद्धति छीनी थी, डंकल ने हमारे पारंपरिक बीज और खेती की पुरातन पद्धति छीन ली। खेतों से गोवंश का निर्वसन हो गया। अमानवीय, निर्दयी और हृदयहीन खेती से उपजा अन्न शरीर में नहीं लगेगा, ऐसी ही ब्याधियां जन्मेगा। ऐसे समय में 'पंच परिवर्तन' के विचार ने जगाने का काम किया है। स्वदेशी, पारंपरिक और जैविक खेती, गोवंशीय सहकारिता के साथ।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार हैं)

निठल्ला चिंतन

हां,गैस की समस्या तो है !



प्रदीप औदिव्य

उन्होंने कुर्सी पर बैठे-बैठे अपने पृष्ठ भाग को एक तरफ से थोड़ा सा ऊंचा किया। अंदर उमड़ रही उदर वायु को धीरे से निष्कासित कर दिया। अपने लक्ष्य को सफलता के साथ पा लेने का भाव लिए वह बोले, गैस की समस्या तो है। पास बैठे लोग इस समस्या को भयंकर रूप से महसूस कर चुके थे। एक साथ बोले, सही है, गैस समस्या तो है और ये बड़ी समस्या है। वह बोले इस पर सरकार को गंभीरता से सोचना चाहिए। लोग बोले सही है,सरकार से पहले तो आपको विचार करना चाहिए। वह बोले मुझे? मैं तो विचार कर ही रहा हूं, इसका कोई न कोई स्थाई हल निकलना चाहिए।

लोग बोले हम बहुत दिन से परेशान है आखिर आप कब समस्या को निपटाएंगे? ये आपकी ही नहीं हमारी भी समस्या है। वह बोले आपके लिए ही मैं ज्यादा चिंतित हूं। मैं तो आपके लिए ही बैठा हूं,इस समस्या को मैं चाहता हूं ये जल्दी ही निपट जाए। वह बोले, ये समस्या पहले इतनी नहीं थी,लेकिन अब बढ़ गई है। लोग बोले,पहले भी इतनी ही थी। आपने उसका जिक्र ही नहीं किया था। आज गैस समस्या की बात हो रही है, तो हमको भी कहना पड़ा कि गैस की आपसे ज्यादा तो हमें समस्या है। वह बोले शहर के होटल बंद होने लगे है, खाना मिलना बंद हो गया है। लोग बोले सही है बाहर होटल के खाने से गैस समस्या बढ़ जाती है, आपको बंद कर देना चाहिए। वह बोले क्या मेरे बाहर खाना बंद कर देने गैस समस्या हल हो जाएगी। लोग बोले शायद, करके देखिए। वह बोले गैस की समस्या से होटल वाले भी परेशान है, उनकी रोजी रोटी का भी सवाल है। लोग बोले, होटल वाले तो परेशान होंगे ही, उनके ग्राहक भाग जाते होंगे। वह बोले ग्राहक अब आना ही बंद हो गए। होटल वालों का नुकसान हो रहा है। लोग बोले गैस समस्या पर आपको ध्यान देना चाहिए लोगों का नुकसान न हो। वह बोले मैं तो ध्यान दे ही रहा हूं, होटल वालों से भी कहा आप कोई और विकल्प ढूंढो। होटल वालों ने कहा हम लकड़ी चूल्हा का उपयोग करेंगे। लोग बोले सही है, हमने भी सुना है कि लकड़ी चूल्हे पर खाना बनाने से गैस नहीं बनती है। वह बोले लेकिन ये स्थाई हल नहीं है,गैस समस्या का। ये अस्थाई तो निपट जाएगी, फिर जंगलों का क्या होगा? लोग बोले आप बाकी निपटान के लिए जंगल भी जाते है? वह बोले नहीं, नहीं, मैं जंगल नहीं जाता। मैं तो पर्यावरण कार्यकर्ता हूं, पेड़ों को बचाने के लिए कह रहा हूं। लोग बोले जंगल तो बच जाएंगे, लेकिन गैस समस्या रही तो हम जरूर जल्दी ही मर जाएंगे, आप कुछ लेते क्यों नहीं? वह बोले मैने लिया है, एक संकल्प। मैं गैस समस्या के लिए प्रदर्शन करूंगा। लोगों ने कहा क्या प्रदर्शन से गैस समस्या खत्म हो जाएगी? वह बोले,हर समस्या के लिए प्रदर्शन करना ही चाहिए। लोग बोले पर आपके पेट के लिए प्रदर्शन से क्या होगा? वह बोले पेट का सवाल ही तो है। ये सिर्फ मेरे पेट का सवाल नहीं जनता के पेट का सवाल है। लोगों ने कहा, पर इसका कोई इलाज तो किया होगा आपने? वह बोले अरे, इलाज की बात करते हो,ये कोई बीमारी थोड़ी है, ये तो एक सामान्य सी समस्या है, जल्दी ही खत्म हो जाएगी। लोग बोले, पर कब तक हो पाएगी? अब हम तो आपके पास बैठ भी नहीं सकते, इतनी समस्या है। वह गंभीर हुए बोले हां, मैं जानता हूं, आपको मेरे पास बैठने के बजाय अब गैस की लाइन में लगना पड़ता होगा। इतनी बड़ी समस्या नहीं है,सब को धैर्य रखना चाहिए कितनी भी बड़ी समस्या हो जल्दी ही खत्म हो जाती है। ये भी युद्ध समाप्त होते होते गैस समस्या खत्म हो जाएगी। इतना कहते कहते वह फिर अपने दाईं तरफ से थोड़े से ऊंचे हुए और अपने कार्य को कुशलता पूर्वक निष्पादित किया।लोग बोले, हम इसी समस्या से पीड़ित है। सब एक साथ बोले हां, गैस की समस्या तो है।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

डॉ. लोहिया जयंती आज

डॉ. लोहिया के सामाजिक-आर्थिक विचार



अरविंद जयतिलक

राष्ट्र-समाज व्यवस्था में बेहतर बदलाव के लिए डॉ. लोहिया ने सामाजिक-आर्थिक संरचना में आमूलचूल परिवर्तन की बात कही थी। उनका स्पष्ट कहना था कि गैर-बराबरी को खत्म किए बिना समतामूलक समाज का निर्माण संभव नहीं है। इसके लिए उन्होंने पूंजीवादी व्यवस्था को खत्म कर समाजवादी व्यवस्था की स्थापना पर बल दिया। उन्होंने पूंजीवाद की आलोचना करते हुए कहा कि 'पूंजीवाद कम्युनिज्म की तरह ही जुआ, अपव्यय और बुराई है और दो तिहाई विश्व में पूंजीवाद पूंजी का निर्माण नहीं कर सकता। वह केवल खरीद-फरोख्त ही कर सकता है जो हमारी स्थितियों में महज मुनाफाखोरी और कालाबाजारी है।' डॉ. लोहिया ने यह भी कहा कि 'मैं फोर्ड और स्टालिन में कोई फर्क नहीं देखता। दोनों बड़े पैमाने के उत्पादन, बड़े पैमाने के प्रौद्योगिकी और केंद्रीकरण पर विश्वास करते हैं जिसका मतलब है दोनों एक ही सभ्यता के पुजारी हैं।' लोहिया ने गरीबी और युद्ध को पूंजीवाद की दो संतानें कहा। साम्यवाद पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 'साम्यवाद दो-तिहाई दुनिया को रोटी नहीं दे सकता।' उन्होंने आदर्श समाज व राष्ट्र के लिए एक तीसरा रास्ता सुझाया-वह है समाजवाद का। उन्होंने देश के सामने समाजवाद का सगुण और ठोस रुप प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि 'समाजवाद गरीबी के समान बंटवारें का नाम नहीं बल्कि समृद्धि के अधिकाधिक वितरण का नाम है। बिना समता के समृद्धि असंभव है और बिना समृद्धि के समता व्यर्थ है।' डॉ. लोहिया का स्पष्ट मानना था कि आर्थिक बराबरी होने पर जाति व्यवस्था अपने आप खत्म हो जाएगी और सामाजिक बराबरी स्थापित होगी। उन्होंने सुझाव दिया कि जाति व्यवस्था के उन्मूलन के लिए सामाजिक समता पर आधारित दृष्टिकोण अपनाना होगा। सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए जाति व्यवस्था के विरुद्ध लड़ाई द्वेष के वातावरण में नहीं, विश्वास के वातावरण में होनी चाहिए। उन्होंने जाति व्यवस्था पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा था कि 'जाति प्रणाली परिवर्तन के खिलाफ स्थिरता की जबर्दस्त शक्ति है। यह शक्ति वर्तमान क्षुद्रता और झुठ को स्थिरता प्रदान करती है।' लेकिन दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि आज इक्कीसवीं सदी में भारत की राजनीति जाति व्यवस्था पर केंद्रीत है। डॉ. लोहिया अक्सर चिंतित रहा करते थे कि आजादी के उपरांत भारतीय समाज का स्वरुप क्या होगा। उन्हें आशंका थी कि सामाजिक-राजनीतिक ढांचे में समाज के वंचित, दलित और पिछड़े तबके को समुचित भागीदारी मिलेगी या नहीं। उनकी उत्कट आकांक्षा हाशिए पर खड़े लोगों को राष्ट्र की मुख्य धारा में सम्मिलित



करना था। वे समाज के अंतिम पांत के अंतिम व्यक्ति के लोकतांत्रिक अधिकारों के हिमायती थे। आजादी के बाद पंडित नेहरू के नेतृत्व में गठित सरकार के खिलाफ वे आम जनता की आवाज बनते देखे गए। उन्होंने नेहरू सरकार की समाजनीति की जमकर आलोचना की। नेहरु सरकार को जाति-परस्ती और कुनबा-परस्ती का पोषक बताया। लोहिया ने नाइंसाफी और गैर-बराबरी खत्म करने के लिए देश के समक्ष सप्तक्रांति का दर्शन प्रस्तुत किया। नर-नारी समानता, रंगभेद पर आधारित विषमता की समाप्ति, जन्म तथा जाति पर आधारित समानता का अंत, विदेशी जुल्म का खात्मा तथा विश्व सरकार का निर्माण, निजी संपत्ति से जुड़ी आर्थिक असमानता का नाश तथा संभव बराबरी की प्राप्ति, हथियारों के इस्तेमाल पर रोक और सिविल नाफरमानी के सिद्धांत की प्रतिष्ठापना तथा निजी स्वतंत्रताओं पर होने वाले अतिक्रमण का मुकाबला। इस सप्तक्रांति में लोहिया के वैचारिक और दार्शनिक तत्वों का पुट है। साथ ही भारत को वर्तमान संकट से उबरने का मूलमंत्र भी। लोहिया स्त्री-पुरुष की बराबरी और समानता के प्रबल हिमायती थे। वे अक्सर स्त्रियों को पुरुष पराधीनता के खिलाफ आवाज उठाने की हिम्मत देते थे। उनका स्पष्ट मानना था कि स्त्रियों को बराबरी का दर्जा देकर ही एक स्वस्थ और सुव्यवस्थित समाज का निर्माण किया जा सकता है। स्त्री-पुरुष, अमीरी-गरीबी और सामाजिक भेदभाव के लिए वे सिर्फ सरकारों को ही जिम्मेदार ठहराते थे। वे सरकारों द्वारा आम आदमी की उपेक्षा पर अक्सर कहा करते थे कि 'सत्ता सदैव जड़ता की ओर बढ़ती है और निरंतर निहित स्वार्थों और भ्रष्टाचारों को पनपाती है। विदेशी सत्ता भी यही करती है। अंतर केवल इतना है कि वह विदेशी होती है, इसलिए उसके शोषण के तरीके अलग होते हैं। किंतु जहां तक चरित्र का सवाल है, चाहे विदेशी शासन हो या देशी शासन, दोनों की प्रवृत्ति भ्रष्टाचार को विकसित करने में व्यक्त होती है।' उन्होंने जनता का आह्वान करते हुए कहा था कि 'देशी शासन को निरंतर जागरुक और चौकस बनाना है तो प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह अपने राजनीतिक अधिकारों को समझे और जहां कहीं भी उस पर चोट होती हो, या हमले होते हों उसके विरुद्ध अपनी आवाज उठाए।' गौर करें तो डॉ. लोहिया की कही बातें वर्तमान भारतीय शासन व्यवस्था पर सटीक बैठती है। आज देश में गैर-बराबरी, भ्रष्टाचार, भुखमरी, गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी, कुपोषण, जातिवाद, क्षेत्रवाद और आतंकवाद जैसी समस्याएं गहरायी हैं। यह सही है कि देश तरक्की का आसमान छू रहा है। लेकिन नैतिक और राष्ट्रीय मूल्यों में व्यापक गिरावट के कारण अमीरी-गरीबी की खाई लगातार चौड़ी होती जा रही है। जनवादी होने का मुखैटा चढ़ा रखी सरकारें बुनियादी कसौटी पर विफल हैं। और सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों से निपटने में नाकाम हैं। नागरिक समाज के प्रति रवैया संवेदहीन है। लोहिया ने बेहतरीन समाज निर्माण के लिए सत्तातंत्र को चरित्रवान होना जरुरी बताया था। उनका निष्कर्ष था कि सत्यनिष्ठा और न्यायप्रियता पर आधारित शासनतंत्र ही लोक व्यवस्था के लिए श्रेयस्कर साबित हो सकता है। लोहिया भारतीय भाषाओं को समृद्ध होते देखना चाहते थे। उन्हें विश्वास था कि भारतीय भाषाओं के समृद्ध होने से देश में एकता मजबूत होगी। लोहिया का दृष्टिकोण विश्वव्यापी था। उन्होंने भारत पाकिस्तान के बीच रिश्ते सुधारने के लिए महासंघ बनाने का सुझाव दिया। आज भी यदा-कदा उस पर बहस चलती रहती है। वे भारत की सुरक्षा को लेकर हिमालय नीति बनाई जिसका उद्देश्य था नेपाल, भूटान, सिक्किम आदि उत्तर-पूर्व के छोटे-छोटे देशों में बसने वाली आबादी के साथ भाईचारे के संबंध बनाना तथा भारत की उत्तर सीमा पर स्थित प्रदेशों में लोकतांत्रिक आंदोलनों को मजबूत कर भारतीय सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना।

(लेखक स्तंभकार हैं)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक ''**गिलेडविन मसीह**'' के लिए ''**बुलंद मंज़िल**'' हिन्दी दैनिक ए.एच. प्रिन्टर्स, सीधी सराय, असालतपुरा मुरादाबाद मे मुद्रित कराकर कार्यालय बुलंद मंज़िल शंकर कॉलेज चौराहा, राजा मार्केट, प्रथम तल, जनपद संभल से वितरित किया गया। इस अंक में प्रकाशित समाचारों में खबरों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी०आर०वी० एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद सम्भल न्यायालय के अधीन होंगे।

PRGI NO. - UPBIL/25/A4797- Contect No.- 8630704122

दैनिक बुलन्द मंज़िल
जनपद अमरोहा
संभल
मंगलवार, 24 मार्च 2026
Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)
03

नौगांवा सादात में नवनिर्माण के 9 साल का जश्न, विकास प्रदर्शनी से लेकर लाभार्थियों तक पहुंची योजनाओं की सौगात






दैनिक बुलंद मंज़िल
नौगांवा सादात ब्यूरो। उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर नौगांवा सादात में सोमवार को विकास, उपलब्धियों और जनकल्याण योजनाओं का एक व्यापक संगम देखने को मिला। संकल्प से सिद्धिः सुरक्षा-सुशासन-समृद्धिह्व थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में जहां एक ओर विकास प्रदर्शनी ने लोगों को आकर्षित किया, वहीं दूसरी ओर लाभार्थियों को योजनाओं का सीधा लाभ भी मिला। नगर पंचायत कार्यालय के निकट आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने फीता काटकर विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सूचना विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी और विभिन्न विभागों के स्टालों पर सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को विस्तार से प्रदर्शित किया गया, जिसे जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने काफी रुचि के साथ देखा।

इस दौरान मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को घरों की चाबी सौंपी गई, जबकि व्यक्तिगत शौचालय, स्वयं सहायता समूहों और अन्य योजनाओं से जुड़े लाभार्थियों को स्वीकृति एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही, सरकार के 9 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित विकास पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

कार्यक्रम में सरकार के कार्यकाल पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसने विकास की तस्वीर को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। वहीं, स्कूली छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने माहौल को उत्सवमय बना दिया। अपने संबोधन में डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं और लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। उन्होंने गन्ना किसानों, महिला सशक्तिकरण और बुनियादी ढांचे में हुए सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार ह्वसबका साथ, सबका विकासह्व के सिद्धांत पर कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख गुरेंद्र सिंह ढिल्लो, नगर पंचायत अध्यक्षा सुबीना जैदी, जिला उपाध्यक्ष भाजपा भूप सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

यह आयोजन न सिर्फ उपलब्धियों का प्रदर्शन था, बल्कि आम जनता को सरकारी योजनाओं से सीधे जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम भी बना।

समाधान दिवस में डीएम सख्त: शिकायत निस्तारण में देरी और लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त




दैनिक बुलंद मंज़िल
मंडी धनौरा ब्यूरो। तहसील धनौरा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रशासन ने साफ संदेश दिया कि आमजन की समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की ढिलाई अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम में शिकायतों की गहन समीक्षा की गई। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप निर्धारित समय सीमा में शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल निस्तारण ही नहीं, बल्कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी उतनी ही जरूरी है। आमजन की समस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

समाधान दिवस में कुल 21 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें राजस्व विभाग की सर्वाधिक 15 शिकायतें रहीं। इसके अलावा विद्युत विभाग की 3, नगर पालिका की 2 और पुलिस विभाग की 1 शिकायत शामिल रही। इनमें से 2 मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजते हुए तय समय सीमा में निस्तारण के निर्देश दिए गए। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्थलीय निरीक्षण कर पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ शिकायतों का समाधान करें। साथ ही जनता दर्शन, सीएम हेल्पलाइन, आईजीआरएस पोर्टल और तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता पर निपटाने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने भी पुलिस अधिकारियों को आमजन की शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव, सीओ अंजलि कटारिया सहित कई जिला व तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

डीएम का सख्त संदेश - लापरवाही नहीं चलेगी, हर योजना का लाभ पहुंचे अंतिम व्यक्ति तक

फैमिली आईडी के लिए मेगा कैंप, खराब रैंकिंग पर नाराजगी, शिकायत निस्तारण में ढिलाई पर चेतावनी

दैनिक बुलंद मंज़िल/
असलम सैफी जिला प्रभारी
अमरोहा। जनपद में विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कड़ा रुख अपनाते हुए अधिकारियों को साफ चेतावनी दी कि अब किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विकास भवन सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने सीएम डैशबोर्ड, आईजीआरएस, जीरो पॉवर्टी, फैमिली आईडी और कैच द रेन अभियान की प्रगति का गहन मूल्यांकन किया। बैठक में डीएम ने विशेष रूप से खराब रैंकिंग वाले विभागों पर नाराजगी जताई और निर्देश दिए कि वे अपनी कमियों को चिन्हित कर जल्द सुधार करें। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर दर्ज आंकड़े समयबद्ध और सटीक होने चाहिए, ताकि वास्तविक प्रगति परिलक्षित हो सके। फैमिली आईडी को लेकर जिलाधिकारी ने बड़ा कदम उठाते हुए पूरे जिले में मेगा कैंप लगाने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी पात्र परिवार




इस सुविधा से वंचित न रहे। वहीं, जीरो पॉवर्टी के तहत चयनित परिवारों को आवास, राशन, पेंशन, आयुष्मान कार्ड और अन्य योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से देने पर जोर दिया गया। आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा के दौरान डीएम ने शिकायतों के निस्तारण में देरी और औपचारिकता पर सख्त नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि हर शिकायतकर्ता से सीधे संवाद के बाद ही शिकायत का निस्तारण किया जाए, ताकि समाधान वास्तविक और संतोषजनक हो। इसके साथ ही कैच द रेन अभियान के तहत जल संरक्षण को लेकर भी गंभीरता दिखाते हुए रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देने और सभी कार्यों की समय पर पोर्टल पर फीडिंग सुनिश्चित करने को कहा। ई-ऑफिस प्रणाली को लेकर भी जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि अब सभी सरकारी पत्राचार इसी माध्यम से किए जाएं, जिससे पारदर्शिता और कार्यकुशलता बढ़े। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। डीएम ने अंत में दोहराया कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही प्रशासन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

शेर-ओ-शायरी की रात : गलसुआ में गूंजा एक शाम उर्दू के नाम, अदब के रंग में डूबी महफिल

दैनिक बुलंद मंज़िल
सैद नगली ब्यूरो। थाना क्षेत्र के ग्राम गलसुआ में उर्दू अदब की खूबसूरत शाम उस वक्त यादगार बन गई, जब तंजीम ए उर्दू अदब के जेरे अहतमाम ह्वजश्न ए उर्दू – एक शाम गलसुआ के नामह्व के तहत अजीमुश्शान मुशायरे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आगाज मेहमान-ए-खुसूसी पूर्व विधायक अशफाक अली खान, डॉ. अहमद मुर्तजा, वरिष्ठ पत्रकार विशाल चौधरी और मौ. आसिफ द्वारा संयुक्त रूप से शमा रोशन कर किया गया। जैसे ही शमा जली, महफिल में अदब, अल्फाज और एहसास की रोशनी फैल गई। मुशायरे में दूर-दराज से आए शायरों ने अपने कलाम से समां बांध दिया। उस्ताद शायर चमन हैदर बाकरी ने अपने अंदाज में दर्द और एहसास बयां करते हुए कहा– ह्वदरिया जो वादा करके सरासर मुकर गया, मैं तश्ना-लब था प्यास की शिद्दत से मर गया। वहीं अरकम हसनपुरी के इस शेर ने महफिल लूट ली– ह्वइसी लिए तो सुकून है मेरी हवेली में, बुजुर्ग बाप की हर बात मानी जाती है। बिलाल बाकरी, हाफिज फरमान अनवर, मुबश्शिर बछरायूंनी, असद अशरफ और फैसल शुजात सहित कई शायरों ने अपने-अपने अंदाज में मोहब्बत, समाज और सियासत के रंग पेश कर श्रोताओं से जमकर दाद बटोरी। देर रात तक चली इस महफिल में श्रोताओं का उत्साह देखते ही बनता था। हर शेर पर ह्ववाह-वाहह्व और तालियों की गूंज माहौल को और भी खुशनुमा बना रही थी। मुशायरे का संचालन शमशुल कमर शम्स ने शानदार अंदाज में किया, जबकि अध्यक्षता चमन हैदर बाकरी ने की। कार्यक्रम के संयोजक सुहेल अख्तर ने सभी मेहमानों और शायरों का आभार व्यक्त किया।




इस मौके पर दानिश अबरार, वसीम अकरम, फैजान, आकि ल चौधरी, सलीम, अनस चौधरी, मुशीर चौधरी, शाहनवाज, रिहान, शुएब अख्तर, बिलाल समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

समापनः
गलसुआ की यह अदबी शाम न सिर्फ शायरी के नाम रही, बल्कि लोगों के दिलों में उर्दू अदब के लिए नई मोहब्बत भी जगा गई।

फ्रूटी के गत्तों में छिपा नशे का जाल, 90 पेटी शराब संग युवक गिरफ्तार

दैनिक बुलंद मंज़िल
रहरा ब्यूरो। जनपद में अवैध शराब के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत रहरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को भारी मात्रा में कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। खास बात यह रही कि शराब को फ्रूटी के गत्तों में छिपाकर सप्लाई की तैयारी की जा रही थी, ताकि किसी को शक न हो सके।

पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर थाना रहरा टीम ने छापेमारी कर भूराज पुत्र ओमकार निवासी ग्राम भीकनपुर शर्की (थाना सैदनंगली) को धर दबोचा। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 90 गत्ता (पेटी) अवैध देशी शराब बरामद हुई। प्राथमिक जांच में सामने आया कि



यह शराब आसपास के क्षेत्रों में खपाने की योजना थी।

बताया जा रहा है कि आरोपी लंबे समय से इस अवैध कारोबार में सक्रिय था और शराब की सप्लाई के लिए नए-नए तरीके अपनाता था। फ्रूटी के गत्तों का इस्तेमाल भी इसी चालाकी का हिस्सा था, जिससे पुलिस और आम लोगों की नजरों से बचा जा सके।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना रहरा में मु0अ0सं0 06/2026, धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेज दिया है।

थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इस धंधे में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

इस कार्रवाई के बाद इलाके में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है, वहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस की सक्रियता की सराहना की है।

घर-घर पहुंचीं शक्ति दीदी : डर नहीं, अब जागरूकता बनेगी महिलाओं की असली ढाल

दैनिक बुलंद मंज़िल
रहरा ब्यूरो। जनपद में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर चलाया जा रहा मिशन शक्ति-5 अब जमीनी स्तर पर असर दिखाने लगा है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में थाना रहरा क्षेत्र में शक्ति दीदी के रूप में तैनात महिला बीट आरक्षियों ने सुरक्षा को जनआंदोलन का रूप दे दिया है। गांव-गांव और मोहल्लों में पहुंचकर शक्ति दीदी ने महिलाओं और बालिकाओं से सीधे संवाद स्थापित किया। उन्होंने न केवल पैम्पलेट वितरित किए, बल्कि महिला हेल्पलाइन नंबर, आपातकालीन सेवाएं और साइबर अपराध से बचाव




के उपायों की विस्तार से जानकारी भी दी। इस अभियान की सबसे खास बात यह रही कि शक्ति दीदी ने महिलाओं को सिर्फ जागरूक ही नहीं किया, बल्कि उनमें आत्मविश्वास भी जगाया। उन्होंने साफ संदेश दिया कि छेड़छाड़, उत्पीड़न या ऑनलाइन ठगी जैसी किसी भी घटना में चुप रहने के बजाय तुरंत पुलिस से संपर्क करें और उपलब्ध हेल्पलाइन का बेझिझक इस्तेमाल करें। ग्रामीण क्षेत्रों में इस पहल को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। कई महिलाओं ने खुलकर अपनी समस्याएं साझा कीं, जिनके समाधान का आश्वासन मौके पर ही दिया गया। मिशन शक्ति-5 के तहत पुलिस की यह पहल अब केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं रही, बल्कि महिलाओं के भीतर भरोसा और हिम्मत की नई रोशनी जगा रही है। शक्ति दीदी के जरिए पुलिस और आमजन के बीच की दूरी भी तेजी से कम होती नजर आ रही

रहरा पुलिस की चौकसी से नाकाम हुई वारदात, साजिश रचते दो आरोपी गिरफ्तार

दैनिक बुलंद मंज़िल
रहरा ब्यूरो। जनपद में अपराध पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस की सक्रियता लगातार रंग ला रही है। इसी कड़ी में थाना रहरा पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक संभावित वारदात को होने से पहले ही विफल कर दिया। पुलिस टीम ने साजिश रच रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ा खुलासा किया है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। क्षेत्राधिकारी



हसनपुर पंकज कुमार त्यागी व थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त पर थी, तभी दो युवक संदिग्ध हालत में घूमते नजर आए।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को हिरासत में लिया। पूछताछ में उनकी गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं और यह संकेत मिले कि वे किसी संज्ञेय अपराध को अंजाम देने की फिराक में थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गौरव पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी रहरा और शादाब पुत्र अशरफ निवासी गंगवार, थाना रहरा के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ बीएनएसएस की धारा 170 के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें एसडीएम कोर्ट हसनपुर में पेश किया, जहां से आगे की विधिक प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

इस कार्रवाई से एक बार फिर साफ हो गया है कि रहरा पुलिस अपराधियों पर पैनी नजर बनाए हुए है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस सतर्कता की सराहना करते हुए कहा कि समय रहते की गई ऐसी कार्रवाइयों से इलाके में सुरक्षा का माहौल और मजबूत होगा।

रजबपुर पुलिस की सख्ती : तीन वारंटी दबोचे, अदालत में पेश

दैनिक बुलंद मंज़िल
रजबपुर ब्यूरो। थाना क्षेत्र में वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को अहम सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर अभिषेक यादव व थानाध्यक्ष कोमल तोमर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में जोन्शन पुत्र नन्हे सिंह, निवासी ग्राम पिपली मेकचन्द थाना




रजबपुर, सुल्तान पुत्र शाहबूद्दीन निवासी ग्राम अतरासी कलां शामिल है, जिनके विरुद्ध मुकदमा संख्या 510/25, धारा 115 (2) /352/351(2) भादवि में वारंट जारी था। उनकी पेशी 16 अप्रैल 2026 को निर्धारित है। दूसरे अभियुक्त दीपक पुत्र धर्मपाल निवासी ग्राम दुर्गपुर के खिलाफ मुकदमा संख्या 470/23, धारा 498ए /323/504/506 भादवि के तहत वारंट जारी था, जिनकी पेशी 10 अप्रैल 2026 को होनी है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। थाना पुलिस का कहना है कि वारंटियों की धरपकड़ का अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि फरार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष उपस्थित कराया जा सके और कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे।

दैनिक
बुलन्द मंज़िल
अमरोहा
संभल
मंगलवार, 24 मार्च 2026
Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)
04

मंडी धनौरा पुलिस का शिकंजा : 5 अभियुक्त बीएनएसएस की धाराओं में गिरफ्तार



दैनिक बुलंद मंज़िल
मंडी धनौरा ब्यूरो। थाना क्षेत्र में पुलिस ने वांछित अभियुक्तों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन में चल रहे विशेष अभियान के क्रम में की गई। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी धनौरा अंजली कटारिया के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए सभी आरोपियों को हिरासत में लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में वासिद पुत्र मुख्तार अहमद निवासी मोहल्ला कटरा, बबलू व रवि पुत्रगण रामदास निवासी ग्राम सुनगढ़ माफी, तथा अमित सैनी पुत्र सतपाल सैनी और सोनू पुत्र चन्द्रप्रकाश निवासी ग्राम अम्हैडा शामिल हैं। पुलिस ने इन्हें बीएनएसएस की धारा 170/126/135 के तहत गिरफ्तार किया है।
पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने और संभावित अव्यवस्था की आशंका को देखते हुए यह कार्रवाई की गई। सभी अभियुक्तों को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।
थाना मंडी धनौरा पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा का संदेश गया है और अपराधियों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

कक्षा 8 के विद्यार्थियों का भव्य विदाई समारोह सम्पन्न



दैनिक बुलंद मंज़िल
हसनपुर। तहसील क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय गंगा चोली में सोमवार को कक्षा 8 के उत्तीर्ण विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार उपस्थित रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा संघ के जिला अध्यक्ष एवं टीएफआई के राष्ट्रीय सचिव यशपाल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह, प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय गुलामपुर के इंचार्ज अध्यापक मदनपाल सिंह मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन पूर्व एआरपी विकास राहुल ने किया। इस दौरान विद्यालय के इंचार्ज अध्यापक रमेश सिंह सहित समस्त स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही।
समारोह में कक्षा 8 की छात्राओं कंचन एवं काजल ने अपने अनुभव साझा करते हुए जूनियर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं, वहीं कक्षा 7 की छात्रा अंशिका ने सीनियर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि श्री अनिल कुमार ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन एवं निरंतर परिश्रम का महत्व बताते हुए कक्षा 9 में सोच-समझकर विषय चयन करने की सलाह दी। ब्लॉक अध्यक्ष श्री रामवीर सिंह ने भी विद्यार्थियों को अपने उद्देश्यों के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक श्री प्रमोद कुमार द्वारा प्रस्तुत रागिनी ने सभी को भावुक कर दिया। अंत में नवीन सत्र 2026-27 के लिए आए नए विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का तिलक व माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया।

नशे में धुत युवक की दबंगई, घर में घुसकर की फायरिंग, रिपोर्ट दर्ज



दैनिक बुलंद मंज़िल
नौगांवा सादात ब्यूरो। थाना क्षेत्र के ग्राम धकतौड़ा में रविवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक ने कथित रूप से शराब के नशे में घर पर पहुंचकर गाली-गलौज और फायरिंग कर दी। पीड़िता शिमलेश देवी पत्नी तरूण कुमार ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया कि रविवार को करीब दो बजे सुखवेन्द्र पुत्र विजेन्द्र सिंह उर्फ नन्हें उनके घर आया और अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा। बताया गया कि गाली देने से मना करने पर आरोपी मारपीट पर उतारू हो गया। विरोध करने पर उसने जान से मारने की नीयत से तमंचे से गोली चला दी। गोली उनके मकान के शीशे में जाकर लगी, जिससे उनके पति तरूण कुमार और पुत्र आर्यमन बाल-बाल बच गए। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया। तहरीर में यह भी उल्लेख है कि भागते समय आरोपी रास्ते में गिर गया, जिससे उसे चोटें आईं। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

आदमपुर पुलिस ने तीन वारंटी दबोचे, न्यायालय में किया पेश



दैनिक बुलंद मंज़िल
आदमपुर ब्यूरो। जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आदमपुर थाना पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी हसनपुर पंकज कुमार त्यागी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में प्रकाश पुत्र चेतराम निवासी दरियापुर थाना आदमपुर शामिल है, जो आर्म्स एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहा था। दूसरा आरोपी राकेश पुत्र सुरेश निवासी खाजेपुर थाना आदमपुर है, जो आबकारी अधिनियम के मामले में वारंटी था। तीसरा आरोपी किशन पुत्र गुलाब सैनी निवासी मोहल्ला मनीहारन थाना हसनपुर है, जो आर्म्स एक्ट से जुड़े प्रकरण में वांछित था। पुलिस टीम ने तीनों को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में पेश कर दिया है। थाना आदमपुर पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

आठ दिन से लापता युवती, भाई ने थाने में दर्ज कराई गुमशुदगी

दैनिक बुलंद मंज़िल
अमरोहा ब्यूरो। अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के एक गांव में 25 वर्षीय युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। युवती के भाई ने थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन उम्र लगभग 25 वर्ष बीत 18 मार्च को सुबह करीब 8:40 बजे बिना बताए घर से कहीं चली गई। परिवार ने पहले अपने स्तर पर रिश्तेदारों और परिचितों के यहां उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका।काफी खोजबीन के बाद परिजन थाने पहुंचे और कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।थाना पुलिस का कहना है कि युवती की तलाश के लिए संभावित स्थानों पर जानकारी जुटाई जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा। परिवारजन युवती की सकुशल बरामदगी की उम्मीद लगाए हुए हैं।

ईद की खुशियां बनीं खौफ की रात, दामाद के घर मेहमानों पर हमला, रिपोर्ट दर्ज



दैनिक बुलंद मंज़िल
नौगांवा सादात ब्यूरो। थाना क्षेत्र में ईद मिलने गए एक परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार मोहल्ला नई बस्ती, चांद मस्जिद टावल वाली गली निवासी मौ. शाहिद पुत्र अब्दुल करीम ने थाना नौगांवा सादात में दी तहरीर में बताया कि वह शनिवार ईद के दिन अपनी पत्नी इदरीसा खातून तथा बेटियों सहरीन और शगुफ्ता के साथ अपने दामाद नौमान पुत्र अब्दुल वहाब के घर ईद मिलने गए थे। शाम करीब पांच बजे जब सभी लोग दामाद के कमरे में बैठकर खाना खा रहे थे, तभी नौमान का भाई सुलेमान वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि मना करने पर सुलेमान ने अपने भाई हबीबुर्रहमान, लुकमान तथा भतीजे आजम को बुला लिया। इसके बाद सभी लोग छत के रास्ते घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में शाहिद, उनकी पत्नी और दोनों बेटियों को चोटें आईं। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। थाना नौगांवा सादात पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। घायल पक्ष का चिकित्सीय परीक्षण कराकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

जनता के बीच पहुंचे एसपी, पैदल गश्त कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा



दैनिक बुलंद मंज़िल/
असलम सैफी जिला प्रभारी
अमरोहा। जनपद में कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद सोमवार को खुद सड़कों पर उतरे। उन्होंने अमरोहा नगर क्षेत्र के प्रमुख बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।
एसपी ने कोतवाली तिराहा, जेएस चौराहा, अम्बेडकर चौंक, बड़ा बाजार सहित रामलीला मैदान में चल रहे ट्रेड फेयर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कता बरतने और हर गतिविधि पर नजर रखने के निर्देश दिए।
पैदल गश्त के दौरान एसपी ने आमजन, व्यापारियों और दुकानदारों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल के साथ लगातार गश्त करते रहें और हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर बनाए रखें। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना अमरोहा नगर सुनील कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।

इंटरव्यू दो, नौकरी लो: अमरोहा में लगेगा बड़ा रोजगार मेला


मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र

दैनिक बुलंद मंज़िल/
असलम सैफी जिला प्रभारी
अमरोहा। जनपद के बेरोजगार युवाओं के लिए खुशखबरी है। रोजगार के सुनहरे अवसर लेकर आज एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निजी क्षेत्र की कई कंपनियां मौके पर ही युवाओं का चयन करेंगी।
मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने बताया कि यह रोजगार मेला जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय पॉलीटेक्निक सुतावली, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तथा कौशल विकास मिशन, अमरोहा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होगा। मेला प्रातः 10 बजे से राजकीय पॉलीटेक्निक सुतावली परिसर में शुरू होगा। इस मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा और स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे। 18 से 35 वर्ष तक की आयु के युवा साक्षात्कार प्रक्रिया में शामिल होकर सीधे नौकरी पाने का मौका हासिल कर सकते हैं। खास बात यह है कि रोजगार मेला पूरी तरह निःशुल्क है, जिससे अधिक से अधिक युवा इसमें भाग लेकर लाभ उठा सकते हैं। प्रशासन ने युवाओं से अपील की है कि वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय पर पहुंचकर इस अवसर का लाभ उठाएं।

तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, दो युवक गंभीर घायल



दैनिक बुलंद मंज़िल
हसनपुर। सैद नगली थाना क्षेत्र में रविवार शाम करीब 5 बजे एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि संभल की ओर जा रही तेज रफ्तार बोलेरो कार ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।
हादसे में घायल युवकों की पहचान थाना सैद नगली क्षेत्र के ग्राम ढक्का निवासी बिलाल (पुत्र मुस्लिम हसन) और समीर (पुत्र हसीन) के रूप में हुई है। दोनों युवक संभल में अपने एक दोस्त से ईद मिलकर वापस अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वे सैद नगली स्थित इंडियन पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों युवक सड़क पर गिरकर बेहोश हो गए। हादसे में बिलाल की टांग में गंभीर चोट आई है, जबकि समीर भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) हसनपुर पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद बोलेरो सवार युवक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी विकास कुमार सहरावत ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

कालाखेड़ा चीनी मिल के सामने सड़क हादसा, बाइक सवार युवक गंभीर घायल



दैनिक बुलंद मंजिल
हसनपुर। कोतवाली क्षेत्र के कालाखेड़ा स्थित चीनी मिल के सामने रविवार देर शाम एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।
प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कालाखेड़ा निवासी नदीम (पुत्र शरीफ) रविवार शाम करीब 6 बजे अपना काम समाप्त कर घर लौट रहे थे। जैसे ही वह कालाखेड़ा चीनी मिल के सामने पहुंचे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार क्विड कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि नदीम सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायल युवक को आनन-फानन में पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत चिंताजनक बताई है। हादसे के बाद कार चालक मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गया, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घायल के परिजनों ने कोतवाली हसनपुर में तहरीर देकर आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

काउंसलिंग की ताकत - पुलिस ने फिर से बसाए तीन उजड़ते घर

दैनिक बुलंद मंज़िल

नौगांवा सादात ब्यूरो। जनपद में पारिवारिक विवादों को सुलझाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन किरण के तहत पुलिस ने एक बार फिर संवेदनशील पहल करते हुए तीन परिवारों को बिखरने से बचा लिया। पुलिस की काउंसलिंग और समझाइश के बाद पति-पत्नी के बीच चल रहे मतभेद खत्म हुए और सभी जोड़े आपसी सहमति से फिर साथ रहने को तैयार हो गए। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में चल रहे इस अभियान के अंतर्गत महिला थाना अमरोहा पुलिस ने दो





मामलों और थाना नौगावां सादात पुलिस ने एक मामले में काउंसलिंग कराई। इस दौरान दोनों पक्षों को धैर्यपूर्वक सुना गया और आपसी संवाद के जरिए विवादों का समाधान कराया गया। काउंसलिंग के बाद तीनों जोड़ों ने आपसी गिले-शिकवे भुलाकर नई शुरूआत करने का निर्णय लिया। पुलिस ने उन्हें प्रेमपूर्वक समझाते हुए खुशहाल जीवन जीने की सलाह दी और सभी को राजी-खुशी उनके घर रवाना किया। पुलिस की इस पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है। ऑपरेशन किरण न सिर्फ कानून व्यवस्था बनाए रखने में मददगार साबित हो रहा है, बल्कि टूटते रिश्तों को जोड़कर समाज में सकारात्मक संदेश भी दे रहा है।

हसनपुर में शहीद दिवस पर अमर बलिदानियों को दी गई श्रद्धांजलि

दैनिक बुलंद मंज़िल

हसनपुर। सोमवार को शहीद दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर राष्ट्र सेवी संगठन के कार्यकताओं ने नगर के अतरासी अड्डे पर एकत्रित होकर अमर शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम पूर्व निर्धारित समयानुसार आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर संगठन के संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि आज ही के दिन



वर्ष 1931 में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को लाहौर जेल में फांसी दी गई थी। उन्होंने कहा कि यह दिन देश के उन वीर सपूतों को याद करने का है, जिन्होंने हंसते-हंसते अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उन्होंने बताया कि फांसी के फंदे पर जाते समय भी ये क्रांतिकारी निडरता के साथ ह्यइंकलाब जिंदाबादह्ल के नारे लगा रहे थे। कृष्ण कुमार शर्मा ने आगे कहा कि आज हम स्वतंत्र भारत में जो खुली हवा में सांस ले रहे हैं, वह इन्हीं महान बलिदानियों की देन है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि शहीदों के आदर्शों पर चलकर समाज से गरीबी, अशिक्षा और अन्याय जैसी बुराइयों को समाप्त करने के लिए एकजुट होकर कार्य करें। कार्यक्रम के दौरान जिला कोषाध्यक्ष धर्मपाल सिंह सहित राजेंद्र सिंह, सुदेश चौहान, राजू चौहान, त्रिलोकी सिंह, खिलेंद्र सिंह, मनवीर सिंह और राजीव कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

युवक पर जानलेवा हमला, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

दैनिक बुलंद मंज़िल

अमरोहा ब्यूरो। थाना अमरोहा देहात क्षेत्र में मारपीट की घटना सामने आई है। ग्राम लतीफपुर निवासी दीप कुमार पुत्र रामअवतार ने थाना अमरोहा देहात में तहरीर देकर गांव के ही तीन लोगों पर गाली-गलौज और लाठी-डंडों से हमला करने का आरोप लगाया है।



दीप कुमार के अनुसार, वह रविवार की शाम करीब सात बजे अपने घर से अपने ताऊ जगदीश सिंह के घर जा रहा था। जैसे ही वह गांव में कालू सिंह के आम के बाग के पास पहुंचा, वहां पहले से मौजूद राजू पुत्र बलवीर, नितिन पुत्र तेजपाल और तेजपाल पुत्र नामालूम निवासी चक घी का नगला, थाना अमरोहा देहात ने उसे रोक लिया। आरोप है कि तीनों ने देखते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया तो आरोपितों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े तो आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपितों की तलाश की जा रही है।

धनौरा में सैलून पर खूनी बवाल : दाढ़ी बनवाने गए युवक पर जानलेवा हमला

दैनिक बुलंद मंज़िल

मंडी धनौरा ब्यूरो। थाना क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी में शनिवार रात उस समय हड़कंप मच गया जब दाढ़ी बनवाने गए एक युवक पर कथित रूप से जानलेवा हमला कर दिया गया। पीड़ित विपिन अरोड़ा पुत्र स्वर्गीय जसपाल अरोड़ा ने थाना धनौरा में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के अनुसार बीते रविवार



की रात लगभग 10 बजे विपिन अरोड़ा दाढ़ी बनवाने के लिए एक सैलून पर गए थे। आरोप है कि वहां मौजूद वासिद पुत्र मुश्ताक ने गाली-गलौज करते हुए उन पर हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि आरोपी ने पंच से उनकी आंख पर वार किया, जिससे गंभीर चोट आ सकती थी। शोर-शराबा सुनकर आरोपी के परिजन भी लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए। हालात बिगड़ते देख विपिन ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। इसी दौरान बबी और अशोक घारेटिया सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि हमला जान से मारने की नीयत से किया गया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर चर्चा का माहौल है, वहीं पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

सब्जी विक्रेता से मारपीट, चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

दैनिक बुलंद मंज़िल

रजबपुर ब्यूरो। थाना क्षेत्र में सब्जी बेच रहे एक व्यक्ति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम चाँदनगर निवासी जसवीर सिंह पुत्र पीतम सिंह ने थाना रजबपुर में दी गई शिकायत में बताया कि 21 मार्च को शाम करीब 6



बजे वह रोजी-रोटी के लिए सब्जी बेच रहे थे। आरोप है कि उसी दौरान गांव के ही प्रीतम पुत्र तेजराम तथा उसके पुत्र सुरजीत, सरजीत और दीपाशु ने एक राय होकर उन पर हमला कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि चारों ने लाठी-डंडों और लोहे के पंच से बुरी तरह मारपीट की, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। विरोध करने और समझाने का प्रयास करने पर भी आरोपी नहीं माने तथा गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित ने 22 मार्च को थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थाना रजबपुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

एक न्याय पंचायत एक प्रोडक्ट का कार्य करेंगे जिससे हमारी महिलाओं को आगे बढ़ने का मिलेगा मौका : डॉ. अनामिका यादव

महिला होती है परिवार की रीढ़ की हड्डी : मंजू दिलेर

दैनिक बुलंद मंजिल / ब्यूरो चीफ विनय कुमार राठौर

बहजोई। उत्तर प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विगत 9 वर्ष की अभूतपूर्व उपलब्धियों एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं का 9 दिवसीय जन जागरण,प्रदर्शनी एवं विचार गोष्ठी/ संवाद सम्मेलन (18 मार्च 2026 से 26 मार्च 2026 तक) के अंतर्गत आज बस स्टैंड बहजोई पर एनआरएलएम के द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जनपद संभल की ओर से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव , विशिष्ट अतिथि पूर्व सदस्य, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, मंजू दिलेर के द्वारा फीता काट कर



किया गया।कार्यक्रम में अतिथियों का पुस्तक एवं पुष्प देकर स्वागत किया गया। जिला विकास अधिकारी राम आशीष के द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा के विषय में विस्तार पूर्वक बताया गया और उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के विषय में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी। पूर्व सदस्य, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग मंजू दिलेर ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिला एक परिवार की रीड होती है, उन्होंने सभी महिलाओं को नवरात्रों की शुभकामनाएं दी,उन्होंने कहा हमारे देश और उत्तर प्रदेश में महिलाएं शक्ति आगे बढ़कर कदम से कदम मिलाकर कार्य कर रही हैं। उन्होंने समस्त स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से कहा कि अपने परिवार की मयार्दाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य करें ताकि आप लोग आर्थिक विकास के पथ पर आगे बढ़ सकें। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से परिचय किया उन्होंने कहा कि महिलाओं के द्वारा हम अपने जनपद में एक न्याय, पंचायत एक प्रोडक्ट का कार्य करेंगे जिससे हमारी महिलाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा उन्होंने कहा कि अपना प्रोडक्ट अपना कंज्यूमर को लेकर भी कार्य करेंगे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को एमएसएमई से भी जोड़ने का कार्य किया जाएगा और उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार महिला शक्ति को विकास की ओर अग्रसर और कदम से कदम मिलाकर चलने की शक्ति दे रही है और महिला शक्ति को स्वावलंबन एवं सशक्त करने के लिए सरकार तत्पर है। हमारे जनपद में विभिन्न महिलाएं विभिन्न पदों पर तैनात हैं और अच्छा कार्य कर रही है जो महिलाएं अपने उत्तरदायित्वों को समझती है वह उस उत्तरदायित्व को बहुत ही समझदारी के साथ निभाती है और उन्होंने अंत में सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूह की दीदियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राम आशीष, खंड विकास अधिकारी गुन्नौर कमलकांत, खंड विकास अधिकारी जुनावई अखिलेश कुमार एवं समस्त स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं महिला शक्ति सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

आदमपुर पुलिस का एक्शन : शांति भंग की आशंका में पांच गिरफ्तार

दैनिक बुलंद मंज़िल

आदमपुर ब्यूरो। थाना पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका के चलते पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत की गई। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी हसनपुर पंकज कुमार त्यागी के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना आदमपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार क्षेत्र में शांति व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना को देखते हुए धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत



पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में लेखचन्द पुत्र बुद्धन निवासी ग्राम सिमथला थाना आदमपुर, बीरपाल पुत्र बुद्धन निवासी ग्राम सिमथला थाना आदमपुर, मुस्कान पत्नी मुस्तकीम निवासी आदमपुर, आमना पत्नी राशिद निवासी ग्राम गालमपुर थाना असमौली जनपद सम्भल तथा शाहजहाँ पत्नी अखलाख निवासी थाना रहरा जनपद अमरोहा शामिल हैं।

पुलिस ने सभी आरोपियों को विधिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए एसडीएम कोर्ट हसनपुर के समक्ष पेश कर दिया। पुलिस का कहना है कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण के लिए किया गया संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

दैनिक बुलंद मंजिल / ब्यूरो चीफ विनय कुमार राठौर

चन्दौसी / बहजोई। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में तहसील चंदौसी के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जायें, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए।

आज तहसील चंदौसी में आए प्रार्थना पत्रों को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त शिकायती पत्रों को संज्ञान में लेते



हुए संबंधित अधिकारी गंभीरता पूर्वक एवं गुणवत्तापूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि देखने में आ रहा है कि तहसील दिवस में कुछ शिकायतें दूसरी या तीसरी बार आ रही हैं उनके संबंधित लेखपाल एवं संबंधित अधिकारी देखें तथा उनका गुणवत्तापरक निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि आगामी तहसील दिवस में कोई ऐसी शिकायत न आए जो दूसरी एवं तीसरी बार हो शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण निचले स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तरुण पाठक,उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी, क्षेत्राधिकारी चंदौसी दीपक तिवारी,तहसीलदार रवि सोनकर सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

समाजवाद के महान चिंतक डॉ राम मनोहर लोहिया जी द्वारा किये गये कार्य जनता को हमेशा याद आते रहेंगे : फिरोज खां

116 वें जन्म दिवस पर किया गया आयोजन


बुलंद मंज़िल /भूरे सिंह यादव

सौंधन/संभल। पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज खाँ के कार्यालय पर डॉ राम मनोहर लोहिया जी के 116 वें जन्मदिन के मौके पर गोष्ठी का आयोजन 'किया गया ' उनके चित्र पर मालार्पण कर इस अवसर पर लोहिया जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुऐ सम्भल सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष फिरोज खाँ ने कहाँ डॉ राममनोहर लोहिया ने हमेशा किसान मजदूर गरीब नोजवान दलित पिछड़ो अल्पसंख्यकों एवं सभी वर्गों के लोगों को साथ लेकर चलते थे' उन्होंने कभी भी गरीब किसान मजदूर की आवाज को दबने नही दिया



उनकी लड़ाई हमेश लड़ते रहते थे लोहिया जी ने कहा था अगर सड़के वीरान हो जायेगी तो संसद आवारा हो जायेगी वही आज देश मे हो रहा है हम समाजवादी लोग हमेशा डॉक्टर राम मनोहर लोहिया जी के आदेशों पर चलकर गरीबों मजदूरों किसानों नोजवानो एवं सभी वर्गों की सेवा कर समाजवादी पार्टी को आगे बढ़ाएंगे और देश और आने वाले समय में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी पीडीए की सरकार बनाएंगे इस अवसर पर यह भी संकल्प लिया गया की सभी समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता एकजुट होकर आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी अभी से करे समाजवादी पार्टी के द्वारा चलाये जा रहे पीडीए चर्चा कार्यक्रम के जरिये गांव गांव जाकर लोगो को जागरूक करने का कार्य करेंगे ' उत्तर प्रदेश पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी के हाथों को मजबूत कर 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का काम करेंगे इस अवसर पर मौजूद रहे। आरिफ खाँ,रामरहिस यादव,वीरेश यादव,राजेश यादव,गौरव यादव, जाहिद खां,इमरान खाँ,शान कुरैशी, फैजान शाही,अब्बास खाँ, प्रेम यादव, सुभाष,मोनिस,सालिम,बाबू खाँ,गुलाम मुस्तुफा,जबर सिंह यादव आदि लोग शामिल रहे

मुरादाबाद में दिनदहाड़े लाखों की चोरी: बंद घर को निशाना बनाकर नकदी और जेवरात ले उड़े चोर





बुलंद मंजिल ब्यूरो

मुरादाबाद। जनपद के कटघर थाना क्षेत्र में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है, जहां अज्ञात चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की नकदी और कीमती जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। पीड़ित मोहम्मद शाकिर हुसैन, निवासी बरवाला मझरा, ने थाना पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 22 मार्च की सुबह करीब 5 बजे वह अपने परिवार के साथ किसी जरूरी काम से घर से बाहर गए थे। घर पर ताला लगा हुआ था और कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था। इसी दौरान चोरों ने सूने मकान का फायदा उठाते हुए मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ दिया और अंदर घुस गए। घर में घुसने के बाद चोरों ने जमकर चोरी की। पीड़ित के अनुसार, चोर सोने के कई कीमती आभूषण लेकर फरार हो गए, जिनमें गले का हार, कंठी, पेंडिल, झालें, कुंडल, अंगूठी, नथनी सहित अन्य जेवर शामिल हैं। इसके अलावा घर में रखी करीब 2 लाख 80 हजार रुपये की नकदी भी चोर अपने साथ ले गए। कुल मिलाकर लाखों रुपये की चोरी होने का अनुमान लगाया जा रहा है। दोपहर करीब 1 बजे जब परिवार वापस घर लौटा, तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला और अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। यह देख परिजनों के होश उड़ गए। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर इकट्ठा हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। साथ ही आसपास के लोगों से पूछताछ भी की गई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी भी देखने को मिल रही है। उन्होंने पुलिस से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर जल्द अंकुश लगाने की मांग की है।

मेदांता हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में

बार एसोसिएशन में अधिवक्ताओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित





बुलंद मंजिल-आसिम खान

मुरादाबाद। बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी, मुरादाबाद और गुरुग्राम के मेदांता हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में अधिवक्ताओं के लिए एक विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. कुलदीप सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान सैकड़ों अधिवक्ताओं ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर में मेदांता हॉस्पिटल की टीम ने अधिवक्ताओं के बीएमडी हड्डियों का घनत्व ब्लड प्रेशर, शुगर और हृदय संबंधी जांच की। डॉक्टरों ने सभी को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बार एसोसिएशन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अधिवक्ता न केवल अपने मुवक्किलों के मामलों की जिम्मेदारी निभाते हैं, बल्कि उनकी समस्याओं को भी समझते हैं। ऐसे में उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता ने कहा कि समय-समय पर ऐसे शिविरों के माध्यम से अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाएगा, ताकि वे भविष्य में होने वाली बीमारियों से बच सकें।

इस अवसर पर महासचिव कपिल गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष प्रभात गोयल, पूर्व महासचिव राकेश जौहरी, अशफाक हुसैन, नासिर हुसैन, नीतू सिंह, पुष्प यादव, अजय बंसल, आवरण अग्रवाल, जितेंद्र प्रताप सिंह (जेपी) सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

शिविर में मेदांता की ओर से रमन गुप्ता, खुशबू सिंह, खुशबू यादव, आदित्य दुबे और अमित गुप्ता की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान

शंकरगढ़ पुलिस की सख्त कार्रवाई, बीस वर्षीय युवक अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार


भौकाल बनाने के लिए रखा था कट्टा, पूछताछ में खुद किया कबूल - प्रतापपुर रोड से धराया आरोपी



एजेंसी

प्रयागराज। थाना शंकरगढ़ पुलिस ने क्षेत्र में चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सटीक सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया, जिसके पास से तीन सौ पंद्रह बोर का देशी तमंचा बरामद हुआ। पुलिस टीम ने बाइस मार्च दो हजार छब्बीस को थाना क्षेत्र के प्रतापपुर रोड स्थित पावर हाउस से लगभग पचास मीटर पहले ग्राम क्वारी नंबर पाँच के पास से आनन्द यादव पुत्र राम अभिलाष यादव निवासी ग्राम रेरा थाना घूरपुर जनपद प्रयागराज, उम्र लगभग बीस वर्ष को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध देशी तमंचा तीन सौ पंद्रह बोर बरामद किया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने पर आरोपी ने बताया कि उसने यह तमंचा किसी वारदात के लिए नहीं बल्कि शौक और इलाके में भौकाल बनाने के लिए रखा था। उसने यह भी बताया कि वह घर जा रहा था तभी पुलिस ने रास्ते में पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है और मामले की जांच जारी है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक कृष्ण कान्त तिवारी, उपनिरीक्षक ऋषभ पटेल, उपनिरीक्षक अनिल कुमार मिश्रा तथा हेड कांस्टेबल अनिल यादव, थाना शंकरगढ़ प्रयागराज शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

मुरादाबाद में विधवा महिला से मारपीट व जमीन कब्जाने का आरोप, पुलिस पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप



बुलंद मंजिल ब्यूरो

मुरादाबाद। जनपद के थाना मैनाठेर क्षेत्र से एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक विधवा महिला ने गांव के दबंगों पर जमीन कब्जाने की कोशिश, मारपीट और पुलिस की निष्क्रियता के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम महमूदपुर माफी निवासी पीड़िता के पति का देहांत हो चुका है और वह अपने परिवार के साथ जीवनयापन कर रही है। महिला का आरोप है कि गांव के कुछ दबंग व्यक्ति उसकी जमीन पर अवैध कब्जा करना चाहते हैं। इसी विवाद को लेकर आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। पीड़िता का कहना है कि घटना की सूचना पुलिस को दिए जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इतना ही नहीं, महिला ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस ने उल्टा उसके पुत्र को हिरासत में लेकर उसके साथ मारपीट की, जिससे परिवार में दहशत का माहौल बना हुआ है। मामले को और गंभीर बनाते हुए पीड़िता ने चेयरमैन प्रतिनिधि मंगल सैनी पर भी पुलिस की मिलीभगत से जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि प्रभावशाली लोगों के दबाव में पुलिस निष्पक्ष कार्रवाई करने से बच रही है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच कराते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील भी की है। यह मामला न केवल जमीन विवाद और दबंगई को उजागर करता है, बल्कि पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और पीड़िता को न्याय मिल पाता है या नहीं।

तेज रफ्तार का कहर : शादी के कार्ड बांटने निकले दो दोस्तों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत





बुलंद मंजिल ब्यूरो

मैनाठेर। थाना क्षेत्र में रविवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे ने खुशियों के माहौल को मातम में बदल दिया। शादी के कार्ड बांटने जा रहे चार दोस्तों में से दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक बाल-बाल बच गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, संभल के चमन सराय निवासी समीर, अयान, जीशान और अनस दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर अनस के भाई की शादी के कार्ड देने मुरादाबाद के मोती बाग जा रहे थे। शाम करीब 8:30 बजे जब वे संभल-मुरादाबाद हाईवे पर गांव लालपुर हमीरपुर के पास पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक और कार के बीच से निकलने की कोशिश में बड़ा हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि इसी दौरान समीर और अयान की बाइक अचानक कार से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में समीर (22) पुत्र तस्लीम और अयान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दूसरी बाइक पर सवार जीशान और अनस इस हादसे में सुरक्षित बच गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। हादसे के बाद कुछ समय के लिए हाईवे पर जाम की स्थिति भी बन गई। वहीं, हादसे में शामिल अज्ञात वाहन का अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका है। इस हृदयविदारक घटना के बाद मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। जो घर शादी की खुशियों की तैयारी में जुटा था, वहां अब गम का साया छा गया है।

मुरादाबाद में रोंगटे खड़े कर देने वाला हादसा: बेकाबू कार ने पैदल लोगों और बच्चों को मारी टक्कर, 9 घायल



बुलंद मंजिल ब्यूरो

मुरादाबाद। जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। संभल रोड स्थित जटपुरा इलाके में एक तेज रफ्तार बेकाबू कार ने सड़क किनारे चल रहे लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में करीब 9 लोग घायल हो गए, जिनमें बाइक सवार दो युवक और सड़क किनारे खेल रहे कई बच्चे भी शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार अचानक नियंत्रण से बाहर हो गई और राहगीरों को कुचलते हुए आगे बढ़ गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आसपास अफरा-तफरी मच गई और लोग दहशत में आ गए। इस खौफनाक हादसे की पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सामने आया है। घटना मैनाठेर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बताई जा रही है। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार चालक को वाहन समेत हिरासत में ले लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि हादसा लापरवाही से हुआ या किसी अन्य वजह से। इस घटना ने इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है और सड़क सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक, विभिन्न योजनाओं व हेल्पलाइन की दी गई जानकारी





बुलंद मंजिल ब्यूरो

मुरादाबाद । जनपद में महिला सुरक्षा दल की जनपद स्तरीय टीम द्वारा मिशन शक्ति अभियान (फेजञ्5.0) के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। गोष्ठी में विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कृषि कर भुगतान योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं सम्मान के प्रति जागरूक किया गया। टीम द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा की गई, जिनमें वूमेन पावर लाइन-1090, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन-181, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, स्वास्थ्य सेवा-102 व 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, चाइल्ड लाइन-1098 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930 शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त साइबर अपराध से बचाव के उपायों के बारे में भी विस्तार से बताया गया और जागरूकता बढ़ाने के लिए पंपलेट वितरित किए गए।कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर, जागरूक और सुरक्षित बनाना रहा, ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रह सकें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त कर सके।

मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला स्कूटी रैली को एसपी ग्रामीण ने हरी झंडी दिखाकर रवाना





बुलंद मंजिल ब्यूरो

मुरादाबाद। जिले मे पुलिस लाईन स्थित प्रेड ग्राउंड से महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त एवं जागरूक बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन, मुरादाबाद से महिला स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देश पर किया गया। इस दौरान एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों का व्यापक प्रचार-प्रसार करना था। रैली में शामिल महिला पुलिसकर्मियों और प्रतिभागियों ने शहर के विभिन्न मार्गों से होकर लोगों को मिशन शक्ति अभियान के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता का संदेश दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के जरिए समाज में महिलाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जरूरत के समय उन्हें तुरंत सहायता उपलब्ध कराने के लिए हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जा रही है। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसएसपी ने सुनीं फरियाद, कई मामलों का मौके पर निस्तारण



बुलंद मंजिल-सलमान यूसुफ

मुरादाबाद। जनपद में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के तहत सोमवार को तहसील बिलारी में जिलाधिकारी अनुज सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने संयुक्त रूप से जनता की शिकायतें सुनीं। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया। समाधान दिवस के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने जमीन विवाद, राजस्व संबंधी मामलों, पुलिस से जुड़ी शिकायतों, पेंशन, आवास तथा अन्य जनहित के मुद्दे अधिकारियों के समक्ष रखे। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज कराने के निर्देश देते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक प्रकरण की जिम्मेदारी तय की जाएगी। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि फरियादियों को न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। अधिकारियों ने थाना स्तर पर लंबित मामलों की समीक्षा कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जिससे फरियादियों के चेहरों पर संतोष दिखाई दिया।

साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव नहीं है उनमें निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्रवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

दैनिक
बुलन्द मंज़िल
बिजनौर
संभल
मंगलवार, 24 मार्च 2026
Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)
07

मिशन शक्ति 5.0 का असर: जागरूकता से सुरक्षित समाज की ओर कदम

महिला थाना चांदपुर में चला व्यापक अभियान





दैनिक बुलंद मंजिल
नागेन्द्र राजपूत

चांदपुर। जनपद में महिला सुरक्षा और सामाजिक जागरूकता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से महिला थाना चांदपुर में 23 मार्च 2026 को मिशन शक्ति टीम द्वारा एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पुरुषों, महिलाओं और बालिकाओं को एकत्रित कर उन्हें सुरक्षा, अधिकारों और सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। बाल विवाह मुक्त अभियान और साइबर सुरक्षा पर विशेष फोकस

कार्यक्रम में बाल विवाह रोकथाम, महिला सुरक्षा कानूनों और साइबर क्राइम से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। लोगों को बताया गया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या ऑनलाइन अपराध की स्थिति में तुरंत शिकायत करें और चुप न रहें।

सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

अभियान में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया, जिनमें–

विधवा पेंशन योजना
वृद्धावस्था पेंशन योजना
सुकन्या समृद्धि योजना
प्रधानमंत्री आवास योजना
उज्ज्वला योजना
मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना
राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
नशा मुक्ति भारत अभियान

हेल्पलाइन नंबरों की अहम जानकारी

पुलिस टीम ने लोगों को सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके उपयोग के लिए प्रेरित किया–

वूमेन पावर लाइनः 1090
महिला हेल्पलाइनः 181
पुलिस आपातकालीन सेवाः 112
स्वास्थ्य सेवाः 102, 108
मुख्यमंत्री हेल्पलाइनः 1076
चाइल्ड लाइनः 1098
साइबर क्राइम हेल्पलाइनः 1930

पम्पलेट वितरण और नोडल संपर्क साझा

कार्यक्रम के दौरान जागरूकता पम्पलेट वितरित किए गए तथा नोडल अधिकारियों के संपर्क नंबर भी साझा किए गए, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल सहायता मिल सके।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में मजबूत पहल

इस अभियान के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि जागरूकता ही अपराधों के खिलाफ सबसे मजबूत हथियार है। पुलिस प्रशासन की यह पहल समाज को सुरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

उट योगी आदित्यनाथ के आदेश बेअसर

जनपद में बढ़ती गौकशी और बदहाल गौशालाएं,







दैनिक बुलंद मंजिल
नागेन्द्र राजपूत

चांदपुर। जनपद में एक ओर जहां गौकशी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, वहीं दूसरी ओर गौशालाओं में गौवंश की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। यह स्थिति तब है जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गौ संरक्षण और गौकशी रोकने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। ऐसे में जमीनी स्तर पर हालात प्रशासनिक दावों की पोल खोलते नजर आ रहे हैं।

स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों का आरोप है कि जहां एक तरफ अवैध रूप से गौवंश का वध कर मांस बेचे जाने की घटनाएं बढ़ रही हैं, वहीं दूसरी तरफ गौशालाओं में मौजूद गौवंश को भी पर्याप्त चारा, पानी और चिकित्सा सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। इससे कई गौवंश कुपोषण और बीमारी का शिकार हो रहे हैं। विश्व हिन्दू महासंघ गौ रक्षा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को गौशालाओं के निरीक्षण से रोका जाता है आखिर क्यो विश्व हिन्दू महासंघ गौ रक्षा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों का आरोप है कि जब वे गौशालाओं की वास्तविक स्थिति जानने के लिए पहुंचते हैं, तो उन्हें अंदर प्रवेश नहीं दिया जाता। कई स्थानों पर ताले लगा दिए जाते हैं, जिससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। विश्व हिन्दू महासंघ गौ रक्षा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों के तीखे बयान प्रदेश उपाध्यक्ष प्रशांत तोमर ने कहा, ह्लगौकशी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और गौशालाओं की हालत भी बेहद खराब है। अगर सब कुछ ठीक है तो निरीक्षण से डर क्यों? प्रदेश मंत्री स्वाति तोमर ने कहा, ह्लगौमाता की इस दुर्दशा और गौकशी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन होगा।ह्व

जिला महामंत्री एवं वरिष्ठ पत्रकार नागेन्द्र सिंह राजपूत ने आरोप लगाया, ह्लसच्चाई छिपाने के लिए गौशालाओं में पत्रकारों और सामाजिक संगठनों को प्रवेश नहीं दिया जा रहा, जो बेहद चिंताजनक है।ह्व

जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा, ह्लएक तरफ गौकशी जारी है, दूसरी तरफ गौशालाओं में भी लापरवाही है। यह दोहरी विफलता है, जिस पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए।ह्व

संगठन की मांग

गौकशी की घटनाओं पर तत्काल सख्त कार्रवाई हो
गौशालाओं की निष्पक्ष जांच कराई जाए
दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए
गौवंश के लिए चारा, पानी और चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित हो
सामाजिक संगठनों और पत्रकारों को निरीक्षण की अनुमति दी जाए

बड़ा सवालः जब गौकशी भी जारी है और गौशालाएं भी बदहाल हैं, तो आखिर जिम्मेदार कौन। और कब तक गौमाता इस लापरवाही की शिकार होती रहेंगी।

सीएचसी स्योहारा में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का भव्य शुभारंभ विधायक पुत्र प्रियंकर राणा ने फीता काटकर किया

दैनिक बुलंद मंज़िल/
मौहम्मद फैजान

स्योहारा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) स्योहारा में आज एक भव्य कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर धामपुर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक अशोक कुमार राणा जी के सुपुत्र प्रियंकर राणा ने फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया। इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य आम जनता को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण दवाइयाँ उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री प्रियंकर राणा जी ने कहा कि इस पहल से क्षेत्र के लोगों को बाजार की तुलना में काफी कम कीमत पर आवश्यक दवाइयाँ मिल सकेंगी,





जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री के ह्लस्वस्थ भारतह्व के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उनका निरंतर प्रयास है कि धामपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ और सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख श्री दीनबंधु जी ने सरकार की इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह केंद्र आम जनता के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। वहीं विधानसभा धामपुर प्रभारी श्री विपिन कुमार सिसोदिया जी ने बताया कि इस केंद्र के खुलने से गरीब एवं वंचित वर्ग के मरीजों को विशेष लाभ मिलेगा और उनका दवाइयों पर होने वाला खर्च काफी कम हो जाएगा।

सीएचसी स्योहारा के अधीक्षक डॉ. बी. के. स्नेही ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की मंशा के अनुरूप यह केंद्र अब जिला बिजनौर सहित सीएचसी स्योहारा में भी शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मार्च 2027 तक देशभर में 25,000 जन औषधि केंद्र खोलने का लक्ष्य है। इसी क्रम में जिला स्तर के अस्पतालों, सीएचसी और पीएचसी पर इन केंद्रों की स्थापना की जा रही है। उन्होंने आगे बताया कि इन केंद्रों पर 2000 से अधिक उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाइयाँ, 300 से अधिक सर्जिकल उपकरण, तथा मात्र ?1 में सेनेटरी पैड्स उपलब्ध कराए जाएंगे। इन दवाइयों की कीमतें बाजार की तुलना में 50% से 80% तक कम होती हैं, जिससे आम लोगों के स्वास्थ्य खर्च में कमी आएगी। कार्यक्रम के दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख श्री दीनबंधु जी, श्री विपिन सिसोदिया जी, श्री नीलम चौहान जी, श्री अनिल कुशवाहा जी, श्री राजीव चौहान जी, श्री मुकेश रस्तोगी जी, श्री रजनीश गहलोत जी, श्री विकास कुमार (मोनू नेता जी), डॉ. रवि सिसोदिया, डॉ. विशाल सैनी, डॉ. संजय विश्वकर्मा सहित सीएचसी स्योहारा के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के संचालक अमित कुमार चौहान एवं उनका परिवार भी इस अवसर पर मौजूद रहा। उक्त केंद्र का संचालन पीहू एजेंसी द्वारा किया जाएगा, जिसकी सभी विधिक प्रक्रियाएँ पूर्ण कर ली गई हैं।

नजीबाबाद तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवसः 21 शिकायतें दर्ज, 1 का मौके पर निस्तारण,

डीएम जसजीत कौर ने न्यायालयों व कार्यालयों का किया निरीक्षण





बुलंद मंज़िल/उप जिला प्रभारी मौहम्मद फैजान

नजीबाबाद। तहसील नजीबाबाद में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी जसजीत कौर ने क्षेत्र के फरियादियों की समस्याएं सुनीं गई। इस दौरान उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार एवं तहसीलदार संतोष कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 1 शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक तरीके से निस्तारित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।


सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा तहसील परिसर स्थित समस्त न्यायालयों, कार्यालयों (पटलों) तथा विकास खंड नजीबाबाद का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिससे आम जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जन शिकायतों के त्वरित एवं संतोषजनक निस्तारण के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नहटौर थाने का चार्ज लेते ही रवीन्द्र प्रताप सिंह का क्षेत्र की आवाम को बेहतरीन संदेश

रवींद्र प्रताप सिंह बोले हम जागेंगे आप सो जाओ सुरक्षा की निगरानी हम करेंगे

दैनिक बुलंद मंज़िल ब्यूरो चीफ बिजनौर

बिजनौर। नहटौर थाना प्रभारी तेजतर्रार एवं व्यवहार कुशल रवींद्र प्रताप सिंह ने सोमवार की रात्रि नहटौर शहर में फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस बल के साथ शहर के बाजार में वह भीड़भाड़ वाले स्थान पर पैदल फ्लैग मार्च किया उन्होंने बताया नहटौर थाना क्षेत्र की कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु पैदल गस्त कर आमजन को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया तो वहीं थाना प्रभारी रवींद्र प्रताप सिंह ने नाबालिक किशोर को रोक कर बाइक नहीं चलने की



अपील की और दो पहिया वाहन चलाने वालों को हेलमेट लगाने की अपील की और चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने की अपील की नहटौर थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ लगातार कस्बे में पैदल गस्त करते नजर आ रहे हैं।

आपको यहां यह भी बताते चले कि जब से नहटौर थाना की रवींद्र प्रताप सिंह ने कमान थामी है। तभी से थाना क्षेत्र व कस्बे में लगातार - पुलिस बल के साथ गस्त करते नजर आ रही हैं। उनका मकसद थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना है। ओर इसी उद्देश से उन्होंने पुलिस बल के साथ सोमवार की रात्रि की शाम कस्बे में पैदल गस्त किया उन्होंने कस्बे वासियों से जन संवाद कर कानून व्यवस्था बनाए रखना कानून का पालन करने और पुलिस का सहयोग करने की अपील की है।

सोना 1.41 लाख पार, चांदी में भी उछाल

सराफा बाजार में कीमतों ने पकड़ी रफ्तार, निवेशकों की बढ़ी दिलचस्पी

दैनिक बुलंद मंजिल
नागेन्द्र राजपूत

चांदपुर। सराफा बाजार में सोमवार, 23 मार्च 2026 को सोना और चांदी के दामों में हलचल देखने को मिली। दोपहर 12 बजे जारी ताजा भाव के अनुसार सोना ?1.41 लाख के पार पहुंच गया, जबकि चांदी के दामों में भी मजबूती दर्ज की गई है।

सोने के ताजा भाव

सोना (999.9): 1,41,250 प्रति 10 ग्राम
स्थानीय तैयारी सोना (99.50): 1,41,000 प्रति 10 ग्राम

दिनांकः 23-Mar-2026	भाव 12 PM
सोना (999.9) RTGS	₹ 141250
स्थानीय तैयारी सोना (99.50)	₹ 141000
जेवर गिन्नी	₹ -
चाँदी (999.9) RTGS	₹ 214200
स्थानीय तैयारी चाँदी (99)	₹ 216000
स्थानीय भाव पुराना चाँदी सिक्का	₹ 2200
स्थानीय भाव पुरानी गिन्नी	₹ 104520

चांदी के ताजा भाव

चांदी (999.9) (मेरठ मलियन): ?2,14,200 प्रति किलो
स्थानीय तैयारी चांदी (99): 2,16,000 प्रति किलो
अन्य स्थानीय रेट
पुराना चांदी सिक्काः ?2,200 प्रति पीस
पुरानी गिन्नीः 1,04,520

बाजार में क्यों बढ़ रहे दाम

सराफा व्यापारियों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतार-चढ़ाव, डॉलर की स्थिति और घरेलू मांग के कारण सोना-चांदी की कीमतों में तेजी बनी हुई है। शादी-विवाह सीजन और निवेश की बढ़ती मांग भी कीमतों को प्रभावित कर रही है।

निवेशकों के लिए संकेत

विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दिनों में कीमतों में और उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है, ऐसे में निवेश से पहले बाजार की स्थिति पर नजर रखना जरूरी है।

खरीदारों के लिए सलाहः

सोना-चांदी खरीदने से पहले ताजा भाव जरूर जांचें, क्योंकि बाजार में कीमतें तेजी से बदल रही हैं।

सड़क हादसा बना जानलेवा हमला

बाइक-स्कूटी टक्कर के बाद युवक को घर ले जाकर बेरहमी से पीटा, कोमा में पहुंचा पीड़ित

दैनिक बुलंद मंजिल

नागेन्द्र राजपूत

चांदपुर । थाना चांदपुर क्षेत्र में एक मामूली सड़क हादसा हिंसक वारदात में बदल गया, जहां एक युवक को बुरी तरह पीटकर अधमरा कर दिया गया। हालत इतनी गंभीर हो गई कि युवक कोमा में चला गया और अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। घटना के बाद इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम हेजरपुर निवासी प्रशांत पुत्र सियाराम अपने काम से मिजार्पुर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसकी बाइक की टक्कर तखनपुरी निवासी एक युवती की स्कूटी से हो गई। आरोप है कि इस मामूली दुर्घटना के बाद युवती के परिजन और कुछ अन्य लोगों ने प्रशांत को जबरन अपने घर ले जाकर बंधक बना लिया।

लाठी-डंडों से की बेरहमी से







पिटाई

परिजनों के अनुसार, आरोपियों ने युवक को घर में ले जाकर लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा। पिटाई इतनी गंभीर थी कि प्रशांत बेहोश होकर कोमा में चला गया।

अधमरा कर सड़क पर फेंका, सामान भी लूटा

परिजनों का यह भी आरोप है कि हमलावरों ने युवक को मिजार्पुर क्षेत्र में फेंक दिया और मौके से फरार हो गए। इस दौरान उसका मोबाइल फोन, 2000 रुपये नकद और आधार कार्ड भी छीन लिया गया।

गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल युवक को मुरादाबाद के एक अस्पताल ले गए, जहां से उसे वापस भेज दिया गया। इसके बाद परिजन युवक को थाना चांदपुर लेकर पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने घायल प्रशांत को सीएचसी स्याऊ में भर्ती कराया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे बिजनौर के हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। फिलहाल युवक की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

पुलिस ने शुरू की जांच

थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर प्राप्त हो गई है और मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ जल्द कार्रवाई की जाएगी।

परिजनों में आक्रोश, न्याय की मांग

पीड़ित के परिजनों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और सख्त सजा की मांग की है। उनका कहना है कि मामूली हादसे को बहाना बनाकर इस तरह की क्रूरता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जा सकती।



बड़ा सवालः क्या छोटी सी टक्कर पर किसी की जान लेने की कोशिश जायज है? और कब तक ऐसे दबंग कानून को चुनौती देते रहेंगे।

दैनिक
बुलन्द मंज़िल
बिजनौर
संभल
मंगलवार, 24 मार्च 2026
Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)

गरीबों के हक पर डाका

चांदपुर में राशन डीलर की दुकान सील, छापेमारी में खाद्यान्न गायब

दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत


चांदपुर । चांदपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर झोझा में राशन वितरण में बड़े घोटाले का मामला सामने आया है। ग्रामीणों की शिकायत पर की गई छापेमारी में राशन डीलर की दुकान से खाद्यान्न गायब मिलने पर प्रशासन ने दुकान को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, गांव अकबरपुर झोझा में बिकुल कुमार के नाम से राशन की दुकान संचालित हो रही थी। ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत की जा रही थी कि राशन वितरण में अनियमितता बरती जा रही है और पात्र लाभार्थियों को पूरा खाद्यान्न नहीं मिल रहा।

शिकायत के बाद हुई छापेमारी

ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सप्लाई इंस्पेक्टर पंकज कुमार मौके पर जांच के लिए पहुंचे। निरीक्षण के दौरान दुकान बंद मिली, जिससे संदेह और गहरा गया।

चाबी देने से इनकार, ताला तोड़कर खुला खेल

जब सप्लाई इंस्पेक्टर ने डीलर से दुकान की चाबी मांगी, तो उसने देने से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद प्रशासन ने ताला तुड़वाकर दुकान का निरीक्षण किया, जहां खाद्यान्न निर्धारित मात्रा में नहीं मिला।

तुरंत सील हुई दुकान, जांच शुरू

गंभीर अनियमितता पाए जाने पर पंकज कुमार ने दुकान को मौके पर ही सील कर दिया और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

कालाबाजारी की आशंका, कार्रवाई के संकेत

प्रथम दृष्टया यह मामला राशन की कालाबाजारी से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। अधिकारियों का कहना है कि यदि आरोप सिद्ध होते हैं, तो संबंधित डीलर के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीणों में भारी रोष

घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। उनका कहना है कि गरीबों के हिस्से का राशन हड़पने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाना चाहिए।

प्रशासन पर नजरें टिकीं

अब सभी की नजरें प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं कि दोषी के खिलाफ कितना सख्त कदम उठाया जाता है।

बड़ा सवालः क्या गरीबों के हक पर डाका डालने वालों पर लगेगा लगाम, या फिर ऐसे ही चलता रहेगा राशन घोटाले का खेल।

मिशन शक्ति के तहत पुलिस ने किया महिलाओं को जागरूक




दैनिक बुलंद मंज़िल सलीम हैदर कोतवाली देहात। ग्राम बरूकी में मिशन शक्ति कार्यक्रम 5.0 द्वितीय चरण के अंतर्गत पुलिस द्वारा ग्राम बरुकी में महिला को शक्तिकरण के बारे में बताया गया। इस अवसर पर हेल्पलाइन नंबर के बारे में विस्तार से बताया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एस आई प्रीति पवार चौकी प्रभारी राहुल ने कहां की किसी भी महिला को डरना नहीं है। यदि कोई मनचला उन्हें परेशान करता है तब वह केवल सूचना दे। ऐसे लोगों से पुलिस द्वारा शक्ति से निपटा जा रहा है। महिला आरक्षी कुसुम रानी प्रियंका रामा रानी ने महिला को हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया छात्राओं को 1076 1090 112 1930 1076 181 102

साइबर हेल्पलाइन की जानकारी देकर किसी भी आकस्मिक स्थिति पर सहायता प्राप्त करने एवं नारी सुरक्षा हेतु पुलिस विभाग का हमेशा तत्पर होने के सम्बन्ध में अवगत कराकर जागरुक किया गया। प्रीति पवार ने संयुक्त रूप से बताया कि यह सभी नंबर संपूर्ण समाज की सुरक्षा के लिए है।लेकिन विशेष रूप से बेटियों के लिए इन नंबर पर सुविधा 24 घंटे उपलब्ध रहती है।ओर मिशन शक्ति प्रभारी प्रीति पवार ने कहा कि में ओर मेरी टीम हमेशा महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर तैयार रहती है.अगर किसी के साथ कोई अनहोनी होती है और हमें सूचना समय से मिल।जाती हैं तो यथासंभव कोशिश करके उनकी मदद करने का प्रयास करते हैं। कार्यक्रम में चौकी प्रभारी राहुल कुमार महिला आरक्षी कुसुम रानी प्रियंका रामा रानी कांस्टेबल रूप किशोर राहुल कुमार चौधरी नीटू आदि मौजूद है।

अवध शुगर मिल की अनोखी पहल, सैकड़ों छात्राओं एवं महिलाओं को मिला हुनर और सम्मान




बुलंद मंज़िल मौहम्मद फैजान

स्योहारा (बिजनौर)। जनपद बिजनौर के स्योहारा स्थित अवैध शुगर मिल द्वारा संचालित सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत बिड़ला गर्ल्स इंटर कॉलेज में एक समारोह आयोजित कर प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी छात्राओं एवं महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना रहा।

यह कार्यक्रम अवैध शुगर मिल के अधिशासी अध्यक्ष सुखवीर सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। सोमवार को आयोजित इस समारोह में प्रशिक्षणार्थियों को कंप्यूटर, सिलाई, कढ़ाई आदि विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाली छात्राओं ने सीएसआर गतिविधियों के लिए संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन कार्यक्रमों के कारण वह स्वयं को सशक्त महसूस कर रही हैं। वहीं कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली छात्रा सभी छात्राओं ने भी धन्यवाद देते हुए कहा कि संस्था के प्रयासों से उनकी दक्षता में वृद्धि हुई है, जिससे उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिला है।

बिड़ला गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या शील सिंह ने अवैध शुगर मिल की सीएसआर गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगी और छात्राओं को भविष्य में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने में मदद करेगी।

अवध शुगर मिल के ईवीपी सुशील कुमार ने बताया कि उनका उद्देश्य अपने क्षेत्र में शिक्षा और सामुदायिक विकास के प्रति निरंतर कार्य करना है। इसी कड़ी में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं एवं महिलाओं को लाभान्वित किया गया।

इस अवसर पर सुशील कुमार, मुकेश मिश्रा, प्रमोद कुमार, एडवोकेट राजेश शर्मा, वीर सिंह पुंडीर, विवेक श्रीवास्तव, प्रवेंद्र कुमार और अरविंद कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

गोवंश अवशेष मामले में एक ओर आरोपी गिरफ्तार, पुलिस की बड़ी कार्रवाई



बुलंद मंज़िल मौहम्मद फैजान

नहटौर। पुलिस ने गोवंश अवशेष बरामदगी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ओर आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मु0अ0सं0 82/2026 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम व 61(2) बीएनएस तथा पशु क्रूरता अधिनियम के तहत की गई।

पुलिस के अनुसार, दिनांक 19 मार्च 2026 को ग्राम वाजिदपुर के निकट ग्राम गाबड़ी पनियाला के जंगल क्षेत्र में दो गोवंशीय पशुओं के अवशेष बरामद हुए थे। इस संबंध में थाना नहटौर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

जांच के दौरान पुलिस ने इस मामले में शामिल आरोपियों की पहचान की। पहले ही तीन आरोपियों–दयाराम, शाहबाज उर्फ गुल्लू और इमरान–को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

इसी क्रम में साक्ष्यों के आधार पर आरोपी फैजान पुत्र नसीम निवासी मौहल्ला कटकोई कस्बा व थाना चांदपुर, जनपद बिजनौर का नाम प्रकाश में आया। थाना नहटौर पुलिस ने 23 मार्च 2026 को उसे गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है तथा अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही जारी है। थाना प्रभारी रविन्द्र प्रताप सिंह का कहना है कि इस प्रकार के अपराधों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

नशे के खिलाफ युवाओं की हुंकार

गुलाब सिंह डिग्री कॉलेज में गूंजी नशा मुक्ति की शपथ, छात्रों ने लिया बड़ा संकल्प

दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत



चांदपुर/स्याऊ,। जनपद में नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता का संदेश देने के उद्देश्य से गुलाब सिंह डिग्री कॉलेज में सोमवार को एक प्रभावशाली संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और उन्हें इस बुरी लत से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था।

नशा भविष्य को अंधकार में धकेल देता है – प्राचार्या

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने अपने संबोधन में कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार के भविष्य को भी बर्बाद कर देता है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और समाज में भी इसके खिलाफ जागरूकता फैलाएं।

नशा एक गंभीर सामाजिक समस्याः प्रो. वर्मा

अकादमिक डायरेक्टर प्रोफेसर अनिल कुमार वर्मा ने नशे को समाज के लिए गंभीर खतरा बताते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने युवाओं से अपनी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करने की अपील की।

सोशल मीडिया से फैलाएं जागरूकता

प्रो. वर्मा ने छात्रों को इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग कर नशा मुक्ति के संदेश और वीडियो साझा करने के लिए प्रेरित किया।

सामूहिक शपथ के साथ कार्यक्रम का समापन

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने सभी छात्र-छात्राओं और स्टाफ को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। सभी ने मिलकर समाज को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

ट्रक ड्राइवर सलमान हत्याकांड में फरार आरोपी पर पुलिस सख्त, घर पर मुनादी कर आत्मसमर्पण की चेतावनी



दैनिक बुलंद मंज़िल मौहम्मद फैजान

स्योहारा। प्राप्त समाचार के अनुसार चर्चित ट्रक चालक सलमान हत्याकांड के नामजद आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर पुलिस ने अब सख्त रुख अपना लिया है। न्यायालय से फरारी की उद्घोषणा जारी होने के बाद पुलिस ने आरोपी के गांव और घर पर ढोल बजवाकर मुनादी कराई और जल्द आत्मसमर्पण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समय में पेश न होने पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि 19 फरवरी की रात शुगर मिल गेट पर टोकन पहले लेने को लेकर हुआ मामूली विवाद अचानक खूनी संघर्ष में बदल गया था। आरोप है कि इस दौरान ट्रक चालक सलमान पुत्र नसरुल्ला मोहल्ला मुस्लिम चौधरियान पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर उसकी हत्या कर दी गई थी।

मृतक के भाई शाह आलम की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम विरामपुर निवासी अजीम पुत्र यासीन के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। हालांकि घटना के एक माह बाद भी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। गिरफ्तारी में नाकामी के बाद पुलिस ने पहले गैर-जमानती वारंट जारी कराया और अब न्यायालय से फरारी की उद्घोषणा का प्रपत्र भी हासिल कर लिया है। रविवार शाम थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पुलिस बल के साथ आरोपी के घर पहुंचे, जहां नोटिस चस्पा कर मुनादी कराई गई। थाना प्रभारी संजय कुमार का कहना है कि यदि आरोपी जल्द आत्मसमर्पण नहीं करता, तो उसके घर की कुर्की की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।\

प्रयागराज का सरकारी कर्मचारी निकला पाकिस्तानी जासूस! एयरफोर्स स्टेशन से गोपनीय जानकारी लीक, राजस्थान इंटेलिजेंस की बड़ी कार्रवाई

लड़ाकू विमान, मिसाइल सिस्टम और सैन्य ठिकानों की जानकारी भेज रहा था पाकिस्तान, असम के चबुआ एयरफोर्स स्टेशन से दबोचा गया आरोपी

एजेंसी



प्रयागराज। देश की सुरक्षा से जुड़ा एक बेहद सनसनीखेज और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। राजस्थान इंटेलिजेंस की टीम ने जासूसी के गंभीर आरोप में प्रयागराज निवासी एक सरकारी कर्मचारी को असम स्थित चबुआ वायुसेना स्टेशन से गिरफ्तार किया है। आरोपी पर आरोप है कि वह भारतीय वायुसेना से जुड़ी अत्यंत गोपनीय और संवेदनशील जानकारियां पाकिस्तान के हैंडलरों तक पहुंचा रहा था। गिरफ्तार किया गया आरोपी सुमित कुमार, पुत्र बेनी माधव, जनपद प्रयागराज के लाहुरपार गांव का रहने वाला बताया गया है। वह असम के डिब्रूगढ़ जिले में स्थित चबुआ वायुसेना स्टेशन पर मल्टी टास्किंग स्टाफ के पद पर कार्यरत था और अपने पद का दुरुपयोग करते हुए सैन्य ठिकाने की गुप्त सूचनाएं बाहर भेज रहा था। राजस्थान इंटेलिजेंस के अपर पुलिस महानिदेशक प्रफुल्ल कुमार के अनुसार इस पूरे जासूसी नेटवर्क का खुलासा जनवरी दो हजार छब्बीस में हुआ, जब जैसलमेर निवासी झबराराम को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान झबराराम ने प्रयागराज के सुमित कुमार का नाम लिया, जिसके बाद खुफिया एजेंसियों ने निगरानी शुरू की। जांच में सामने आया कि सुमित कुमार लगातार पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों के संपर्क में था और सोशल मीडिया के माध्यम से उनसे जुड़ा हुआ था। राजस्थान इंटेलिजेंस ने वायुसेना इंटेलिजेंस नई दिल्ली के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को असम के चबुआ से हिरासत में लिया और जयपुर स्थित केंद्रीय पूछताछ केंद्र लाया गया। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि वह वर्ष दो हजार तेईस से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के संपर्क में था और पैसों के लालच में गोपनीय सूचनाएं भेज रहा था। जांच एजेंसियों के अनुसार आरोपी ने चबुआ वायुसेना स्टेशन के अलावा बीकानेर के नाल वायुसेना स्टेशन सहित अन्य सैन्य ठिकानों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की। इन जानकारियों में शामिल थे – लड़ाकू विमानों की तैनाती और लोकेशन, मिसाइल सिस्टम से जुड़ी जानकारी, अधिकारियों और कर्मचारियों का विवरण, सैन्य गतिविधियों से जुड़े गोपनीय दस्तावेज। इतना ही नहीं, आरोपी अपने नाम पर जारी मोबाइल नंबरों का उपयोग करके पाकिस्तान के हैंडलरों के लिए सोशल मीडिया खाते भी तैयार करता था, जिससे संपर्क बनाए रखना आसान हो सके। फिलहाल आरोपी से विभिन्न खुफिया एजेंसियां गहन पूछताछ कर रही हैं। जांच अधिकारियों का मानना है कि यह मामला अकेले एक व्यक्ति का नहीं बल्कि बड़े जासूसी नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है। सुरक्षा एजेंसियों ने इस गिरफ्तारी को बड़ी सफलता माना है और आशंका जताई है कि आने वाले दिनों में इस मामले में और भी सनसनीखेज खुलासे हो सकते हैं।

रहस्यमयी आग ने उजाड़ दिया गरीब किसान का सपना, बेटी की शादी के लिए जोड़ा धन हुआ राख

संदिग्ध हालात में झोपड़ी में लगी आग, नकदी समेत पंपिंग सेट और सामान जलकर खाक – गांव में दहशत

एजेंसी



बारा, प्रयागराज। यमुनानगर क्षेत्र के शंकरगढ़ विकासखंड अंतर्गत भेलांव ग्राम सभा में सोमवार की भोर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक गरीब किसान की झोपड़ी में संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक आग लग गई। इस दर्दनाक घटना में किसान का वर्षों की मेहनत से जोड़ा गया सामान जलकर राख हो गया और बेटी की शादी के लिए इकट्ठा की गई नकदी भी आग की भेंट चढ़ गई। घटना को लेकर ग्रामीणों में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं और आग लगने के कारण को लेकर संदेह व्यक्त किया जा रहा है। ग्राम भेलांव निवासी कृष्ण बहादुर सिंह ने बताया कि वह रोज की तरह रात में घर का कामकाज निपटाकर अपनी गौशाला में सो रहे थे। भोर के समय लगभग तीन बजे अचानक बगल में बंधी बकरियों के जोर-जोर से मिमियाने की आवाज सुनकर उनकी नींद खुली। जब उन्होंने बाहर निकलकर देखा तो उनकी झोपड़ी से तेज लपटें उठ रही थीं और आग तेजी से फैल चुकी थी। किसान ने शोर मचाकर गांव वालों को बुलाने की कोशिश की, लेकिन जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचते, तब तक झोपड़ी में रखा पूरा सामान जलने लगा था। आग इतनी तेज थी कि कोई भी अंदर रखा सामान नहीं बचाया जा सका। किसान के अनुसार झोपड़ी में रखा लगभग पचास हजार रुपये का सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। पीड़ित किसान ने बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी के लिए बकरी बेच-बेचकर करीब चालीस हजार रुपये नगद बड़ी मुश्किल से जमा किए थे, जो झोपड़ी में सुरक्षित रखे थे। इसके अलावा खेत की सिंचाई के लिए रखा पंपिंग सेट का सामान, कपड़े, अनाज और दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी आग में जलकर राख हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही पूरा गांव मौके पर इकट्ठा हो गया और ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने तुरंत राजस्व विभाग के लेखपाल को सूचना दी, जिसके बाद मौके की जानकारी लेकर जांच की बात कही गई है। ग्रामीणों का कहना है कि आग कैसे लगी, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। कुछ लोग इसे दुर्घटना मान रहे हैं तो कुछ लोग इसे संदिग्ध घटना बता रहे हैं। फिलहाल पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है और प्रशासन से मदद की उम्मीद लगाए बैठा है।

नगीना देहात उपकेंद्र पर कार्य के चलते आज 8 घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

दैनिक बुलंद मंजिल यासिर शम्सी।

नगीना। (33/11) केवी विद्युत उपकेंद्र नगीना देहात पर आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते मंगलवार,यानी आज क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उपकेंद्र पर (वीसीबी) बदलने का कार्य किया जाना है, जिसके कारण सुबह 10:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी।विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने जरूरी कार्य समय रहते निपटा लें और बिजली कटौती के दौरान धैर्य बनाए रखें।विभाग ने कहा कि कार्य पूर्ण होने के बाद आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।साथ ही उपभोक्ताओं से राष्ट्रहित में बिजली की बचत करने की भी अपील की गई है।

दैनिक
बुलन्द मंज़िल
हाथरस/रामपुर
संभल
मंगलवार, 24 मार्च 2026
Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)
09

डीएम और एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं मौके पर किया निस्तारण

मात्र आठ शिकायतें में सिमटा संपूर्ण समाधान दिवस





गौरव दीक्षित बुलंद मंजिल

हाथरस। सासनी तहसील सभागार में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी अतुल वत्स और पुलिस अधीक्षक चिरंजीवी नाथ सिन्हा ने संयुक्त रूप से की। सोमवार को लगाए गये समाधान दिवस के दौरान मात्र आठ शिकायतें दर्ज की गईं, जिन्हें संबंधित विभागों के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सौंप दिया गया। जिलाधिकारी अतुल वत्स ने उपस्थित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जनशिकायतों का निस्तारण समय सीमा के भीतर और पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर उन्हें राहत पहुँचाना रहा है। पुलिस अधीक्षक चिरंजीवी नाथ सिन्हा ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों को सुना और अधीनस्थ अधिकारियों को मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए। दर्ज की गई शिकायतों में मुख्य रूप से राजस्व विभाग और भूमि विवाद से संबंधित मामले शामिल रहे। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी नीरज शर्मा, तहसीलदार डॉली यादव, और तहसील स्तर के अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

हाथरस में महाराणा प्रताप शोभायात्रा के अध्यक्ष अनिल सिसोदिया का भव्य स्वागत

9 मई को निकलेगी ऐतिहासिक शोभायात्रा





अनिल चौधरी, बुलंद मंजिल हाथरस । हाथरस में महाराणा प्रताप शोभायात्रा के नवनियुक्त अध्यक्ष अनिल सिसोदिया का शहर में जगह-जगह जोरदार स्वागत सम्मान किया गया। यह शोभायात्रा आगामी 9 मई को गौशाला रोड स्थित तुलसी भवन से शुरू होकर दाऊजी महाराज मंदिर पर समाप्त होगी। अनिल सिसोदिया ने कहा कि महाराणा प्रताप की शौर्य गाथा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह शोभायात्रा निकाली जा रही है, जो इस बार ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप की वीरता और उनके संघर्ष को याद करते हुए हम उनकी विरासत को आगे बढ़ाएंगे और क्षत्रियों को एक करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय समाज को एकजुट होकर अपनी संस्कृति और परंपराओं को बचाने के लिए आगे आना होगा। स्वागत में क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह, एडवोकेट मनोज सिसोदिया, नरेश ठाकुर, प्रधान गौरव प्रताप सिंह, रवेंद्र सिंह सिकरवार, अमित पौरुष, विशाल पौरुष, विक्रम सिंह चौहान, प्रदीप सेंगर, सुरेंद्र सिंह पौरुष, अक्षय पौरुष आदि उपस्थित रहे।

यातायात पुलिस ने बिना सीट बेल्ट वाहनों के किए चालान , मचा हड़कंप

कई वाहनों के कांटे चालान डाला जुमार्ना पुलिस सख्त



बुलंद मंजिल/विनोद गुप्ता

शाहबाद रामपुर। तहसील शाहबाद में यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों की अब खैर नहीं है शाहबाद की यातायात पुलिस निरंतर चेकिंग अभियान चलाते हुए दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों को रोक कर चेकिंग अभियान चला रही है जिनका सभी वाहन स्वामियों से कहना है कि बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट के वाहन ना चलाएं साथ ही तीन सवारी बाइक पर ना निकले नहीं तो जुमार्ना डालते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी ई-रिक्शा चालकों को भी अधिक ओवरलोड न भरने के निर्देश दिए गए।

डी एम संग एसपी संग जिले के अफसरों ने संपूर्ण समाधान दिवस में जनता की सुनी फरियादें



दैनिक बुलंद मंजिल/ विकास मुल्तानी उर्फ.देवेंद्र

शाहबाद रामपुर । सोमवार को शाहबाद तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ जिसकी अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने लोगो की जनसमस्याओं को सुना और संबंधित को शिकायतों के गुणवत्तापूर्वक निस्तारण के निर्देश दिए। बता दें कि शनिवार को ईद की छुट्टी के चलते संपूर्ण समाधान दिवस सोमवार को आयोजित किया गया। सोमवार सुबह डीएम अजय कुमार द्विवेदी और एसपी विद्यासागर मिश्र शाहबाद के तहसील सभागार पहुंचे और लोगों की फरियादें सुनी। इस दौरान 31 शिकायती पत्र आए जिनमें से 9 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि बाकी शिकायतों को निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। हमारे ब्यूरो को डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि आज शाहबाद में जनसुनवाई की गई। सरकार की प्राथमिकता है कि शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्वक निस्तारण हो। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सभी विभागों के अधिकारी बैठते है और कोशिश रहती है कि शिकायतों का उसी दिन निस्तारण हो, आज जो भी शिकायतें आई है यथासंभव उनका निस्तारण मौके पर ही कराया गया है। बाकी शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम गठित कर आज ही मौके पर भेज दिया गया है। इस मौके पर सीएमओ डॉ दीपा सिंह, एसडीएम आशुतोष कुमार, सीओ देवकीनंदन, बीएसए कल्पना देवी, तहसीलदार अमित कुमार सिंह, कोतवाल प्रदीप कुमार, बीडीओ धीरेन्द्र सिंह चौहान, सैफनी थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा, चिकित्सा अधीक्षक डॉ मोहित रस्तोगी, एई मनोहर प्रसाद, पूर्ति निरीक्षक किशन लाल समेत सभी विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

विद्यालय में तीन दिवसीय एक्टिंग वर्कशॉप का आयोजन





पटवाई स्थित शिक्षण संस्थान तारक एजुकेशनल एकेडमी में सोमवार को कला और रचनात्मकता का अनूठा संगम देखने को मिला। जिसमें देश के जाने-माने अभिनेता, निर्देशक और पटकथा लेखक प्रवीण हिंगोनिया ने अपनी महत्वाकांक्षी अखिल भारतीय यात्रा 'यात्राग्राम के 83वें दिन एकेडमी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और प्रबंधन के साथ गहन संवाद किया। संस्थान के प्रबंध निदेशक सुरेंद्र सिंह और प्रधानाचार्या परमजीत कौर ने हिंगोनिया का भव्य स्वागत किया। एकेडमी के शिक्षा के प्रति समर्पण और बच्चों के सर्वांगीण विकास के विजन से हिंगोनिया काफी प्रभावित नजर आए। जिसमें तीन दिवसीय वर्कशॉप हिंगोनिया विद्यालय में 23, 24 और 25 तारीख को एक सघन एक्टिंग वर्कशॉप संचालन कर रहे हैं, जहाँ विद्यार्थी अपने भीतर के कलाकार को पहचानने और वास्तविक भावनाओं को अभिनय में ढालने का प्रशिक्षण ले रहे हैं। यह अनुभव 2027 में एक विशाल क्रिएटिव प्रोजेक्ट के रूप में सामने आएगा। जहां अवलोकन का महत्व अपनी राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म 'नवरस' जिसने 71 पुरस्कार जीते का उदाहरण देते हुए उन्होंने छात्रों को सिखाया कि अभिनय केवल संवाद बोलना नहीं, बल्कि जीवन और खामोशी को पढ़ना है। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक सुरेंद्र सिंह ने कहा हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान देना नहीं।बल्कि उन्हें दुनिया के वास्तविक अनुभवों से जोड़ना है। प्रधानाचार्या परमजीत कौर ने इस सत्र को बेहद प्रेरणादायक बताया और हिंगोनिया का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम ने छात्रों में कला और रचनात्मक सोच के प्रति एक नई ऊर्जा का संचार किया है। इस मौके पर विद्यालय के उपप्रधानाचार्य अमित बनर्जी, हेड्स पूजा अरोड़ा और कुलदीप कौर, दीपिका श्रीवास्तव, अश्प्रीत कौर, अदनान आदि विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

दाऊजी गौशाला में बृहद शेड निर्माण हेतु हुआ भूमि पूजन, जनप्रतिनिधियों और पुलिस अधिकारीगण रहे मौजूद



गौरव दीक्षित बुलंद मंजिल

हाथरस। सासनी गांव समामई रूहल में डीएम अतुल वत्स की प्रेरणा और मुख्य विकास अधिकारी पीएन दीक्षित के कुशल निर्देशन में दाऊजी गौशाला के कायाकल्प और सुविधाओं का विस्तार करते हुए सोमवार की दोपहर करीब बारह बजे गौशाला परिसर में बृहद शेड निर्माण कार्य का विधि-विधान के साथ भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें जिले के वरिष्ठ अधिकारियों और राजनेताओं की भी मौजूदगी रही। सोमवार को आयोजित कार्रक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हाथरस विधायक अंजुला माहौर और भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह कुशवाहा की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। इस दौरान पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा और सासनी उपजिलाधिकारी नीरज शर्मा ने भी कार्यक्रम में सहभागिता कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आचार्य पंडित खगेंद्र शास्त्री ने विधि-विधान और वेदमंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन संपन्न कराया। इस अवसर मुख्यातिथि एवं अन्य वक्ताओं ने गौ सेवा नारायण सेवा के संकल्प को दोहराया। प्रशासन द्वारा बताया गया कि इस नए बृहद शेड के निर्माण से गौवंश को सुरक्षित और बेहतर वातावरण मिल सकेगा। मुख्य विकास अधिकारी पीएन दीक्षित ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता पर जोर देते हुए संबंधित ग्राम पंचायत को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस विकास कार्य की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था गांव समामई रूहल को सौंपी गई है, जो विकास खंड सासनी के अंतर्गत इस परियोजना को पूर्ण करेगी।

बरसे में युवक को मारी गोली, हालत गंभीर



बुलंद मंजिल /गौरव दीक्षित

हाथरस। सासनी गांव बरसे में घर से निकलते ही एक युवक को हमलावरों ने सरेआम गोली मार दी। जिससे युवक घायल हो गया, घायल युवक की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है और उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। सोमवार को मिली जानकारी के अनुसार रामवीर सिंह का पुत्र रंजीत अपने घर से बाहर निकल रहा था, तभी अज्ञात हमलावरों ने उस पर फायर झोंक दिया। गोली लगते ही रंजीत लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। गोली चलने की आवाज और घटना की जानकारी होने पर परिजन घर से निकल आए और घायल रंजीत को तुरंत स्थानीय अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। रंजीत की हालत अभी भी नाजुक बताई जा रही है। घायल रंजीत ने होश में रहते हुए बयान दिया है कि उसे पिस्टल से गोली मारी गई है। उसने नामजद युवक पर गोली चलाने का आरोप लगाया है। पुलिस अब इस नाम के आधार पर मामले की छानबीन कर रही है। हैरानी की बात यह है कि परिजनों ने किसी भी पुरानी रंजिश या दुश्मनी की स्पष्ट जानकारी होने से इनकार किया है। परिवार में कोहराम मचा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में दहशत का माहौल है और लोग सुरक्षा को लेकर डरे हुए हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और हमलावर की तलाश जारी है।

नीमा हाथरस की वरिष्ठ सदस्य डॉ. ममता कौशल के निधन पर चिकित्सा जगत में शोक की लहर



गौरव दीक्षित बुलंद मंजिल

हाथरस। नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) हाथरस द्वारा नवज्योति नर्सिंग होम, सासनी पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। यह सभा नीमा हाथरस के जिलाध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें नीमा की वरिष्ठ सदस्य डॉ. ममता कौशल के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया गया। सोमवार को आयोजित शोकसभा को संबोधित करते हुए डॉ. धर्मेंद्र उपाध्याय ने कहा कि डॉ. ममता कौशल पिछले काफी समय से अस्वस्थ चल रही थीं। उनके असामयिक निधन से नीमा हाथरस परिवार को एक अपूरणीय क्षति हुई है। नीमा सेक्रेटरी डॉ. लोकेश शर्मा ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा श्रीमती कौशल एक अत्यंत संघर्षशील महिला थीं। उन्होंने नीमा के प्रत्येक कार्यक्रम में सदैव अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। दुख की इस घड़ी में पूरा नीमा हाथरस परिवार उनके शोकाकुल परिजनों के साथ मजबूती से खड़ा है। सभा के अंत में उपस्थित सभी चिकित्सकों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कि. इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. मनिंदर त्रिगुणायत, कोषाध्यक्ष वैद्य पुनीत अग्निहोत्री, डॉ. रवि, डॉ. अंशुल, डॉ. मयंक मोहता, डॉ. विजय शंकर वार्ष्णेय, डॉ. अलका, और डॉ. नीतू सहित कई गणमान्य चिकित्सक मौजूद रहे।

सैफनी नगर निवासी प्रवीण कुमार जोशी बने जिला सह सोशल मीडिया संयोजक



दैनिक बुलंद मंजिल

सैफनी। सोमवार को सैफनी नगर निवासी प्रवीण जोशी को भारतीय जनता पार्टी का जिला सह सोशल मीडिया संयोजक बनाये जाने पर विभिन्न कार्यकर्ताओं ने उनके प्रतिष्ठान पर पहुंचकर उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनायें दीं।इस दौरान पंडित विवेक वशिष्ठ, राजा जोशी,राजीव रस्तोगी,शोभित शर्मा, प्रभात शर्मा, राहुल जोशी आदि उपस्थित रहे।

शाहबाद में रामपुर चौराहे एवं सिरोली रोड पर अतिक्रमण की हुई शिकायत

बुलंद मंजिल

शाहबाद रामपुर। सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी रामपुर से सिरोली रोड पर पान तम्बाकू के सरकारी सड़क पर दुकानें लगाने बालों की शिकायत की है । शिकायतकर्ता का आरोप है कि बंधन बैंक के सामने दो दुकानें बहुत ही गलत तरीके से लग रही है जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है जिस पर प्रशासन एवं नगर पंचायत द्वारा अतिक्रमण को हटाया जाए।

सेल टेक्स टीम ने ईंटों से भरी ट्रॉली पकड़ी

बुलंद मंजिल

रामपुर। सोमवार को रामपुर की सेल टेक्स विभाग टीम के द्वारा ईंटों से भरी ट्रॉली पकड़ी गई जिसे रामपुर की कोर को ले जाया गया परंतु कुछ देर बाद जिसे कुछ पेनल्टी डालते हुए छोड़ भी दिया गया सूत्रों के हवाले से पता चला कि यह ट्रॉली शाहाबाद में सिरोली रोड पर उतर रही थी जिसके टीम ने कागजात मांगे कागजात न दिखाने पर वह अपने साथ ईंटों की ट्रॉली को ले गए। कुछ समय बाद ट्रैक्टर ट्राली को छोड़ दिया गया समाचार लिखे जाने तक ट्रॉली पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।

शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजि ने मनाया होली व ईद मिलन समारोह

सीओ,कोतवाल और व्यापारी समाजसेवी रहे मौजूद खेली फूलों की होली दी शुभकामनाएं







बुलंद मंजिल/विनोद गुप्ता

शाहबाद रामपुर । रविवार को उत्तर प्रदेश के जनपद रामपुर की तहसील शाहबाद में पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजिस्टर्ड ने अपने कार्यालय पर होली व ईद मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें पत्रकारों ने शाहबाद पुलिस सीओ देवकीनंदन, कोतवाल प्रदीप कुमार के साथ साथ व्यापारी , समाजसेवी संग फूलों की होली खेली। इसके साथ ही ईद की मिठाई भी खाई गई। शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजिस्टर्ड द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गंगा-जमुनी तहजीब का एक अलग ही नजारा देखने को मिला। इसके साथ ही कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने एक दूसरे को दोनों त्यौहारों की बधाइयां दीं। सीओ देवकीनंदन, कोतवाल प्रदीप कुमार, व्यापारी मुकेश चंद गुप्ता, गोरे खां और समाजसेवी गिरीश कुमार पाठक ने पत्रकारों के कार्यक्रम की जमकर तारीफ की। वहीं समाजसेवी श्री पाठक ने अपने संबोधन में पत्रकारों को भारत का चौथा स्तंभ के साथ देश का मजबूत पिलर बताया। जिस दौरान व्यापारी श्री गुप्ता ने अध्यक्ष आफताब को फूलों का बुके देकर समस्त पत्रकारों का सम्मान बढ़ाया। बता दें कि शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजिस्टर्ड के होली और ईद मिलन कार्यक्रम के बाद दो नए सदस्य विकास मुल्तानी उर्फ. देवेंद्र और राशिद अल्वी ने संगठन की सदस्यता ली। जिस दौरान उन्हें संगठन मंत्री विनोद गुप्ता के द्वारा बुके देकर स्वागत किया । जिस मौके पर संगठन के सभी सम्मानित पत्रकार साथी मौजूद रहे।

पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को पकड़ा की कार्यवाही



बुलंद मंजिल

शाहबाद रामपुर । मामला कोतवाली शाहबाद से जुड़ा है जहां पुलिस ने दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी के एक मामले में वांछित अभियुक्त वीरपाल को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी बीते दिनों की है शाहबाद थाना क्षेत्र के भगवन्तपुर गांव के पास से हुई।यह मामला 15 अगस्त 2025 को दर्ज किया गया था। वादिनी ने अपनी तहरीर में बताया था कि विनय कुमार, वीरपाल और एक अन्य व्यक्ति ने उसकी कार रोककर उसके साथ दुष्कर्म किया और जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में थाना शाहबाद में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देश पर अपराधों पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी शाहबाद के कुशल पर्यवेक्षण में थाना शाहबाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वीरपाल पुत्र अनोखेलाल को गिरफ्तार किया। उसे ग्राम रमपुरा, थाना शाहबाद, जनपद रामपुर निवासी बताया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक रामचंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार और कांस्टेबल आदित्य कुमार शामिल थे।

दैनिक बुलन्द मंज़िल

Opinion

संभल
मंगलवार, 24 मार्च 2026
Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)

'Dhurandhar' isn't Just Cinema, it's India's Long-suppressed Anger Speaking Out

Deepika Bhan

'Dhurandhar' is not the kind of film you watch and move on from. It lingers. It provokes. And more importantly, it says something which a majority of Indians have felt for years but were rarely encouraged to articulate openly.

At its core, the film taps into a sentiment that has existed for decades -- that Pakistan's continued use of terrorism as state policy cannot be met with half-measures, diplomatic niceties, or intellectual hedging. The urge to see its institutions -- ISI, military establishment -- held accountable, crushed, and rendered incapable of bleeding India any further is not fringe sentiment. It is mainstream, real, and 'Dhurandhar' is the voice.

Somewhere along the way, a certain version of "secularism" took root -- one that often translated into silence on uncomfortable issues. Speaking plainly about terrorism, religious fault lines, or historical grievances was quickly labelled as regressive or worse. The result was a kind of self-censorship, where outrage had to be moderated and facts carefully packaged. This didn't happen overnight. It was built over decades.

Whether it was the hesitation in addressing long-pending issues like Ayodhya, Kashi or Krishna Janmabhoomi, or the discomfort in acknowledging targeted violence, the pattern was visible. Even policy-level statements -- like former Prime Minister Manmohan Singh's 2006 remark about the Muslim minority having the "first claim on resources" -- reinforced a perception of selective prioritisation.

And in that space of hesitation, Pakistan found confidence. From cross-border terrorism to covert destabilisation, its strategy remained consistent. What also remained consistent was India's tendency to respond cautiously -- not just on the ground, but in the narrative space also. There were always voices ready to contextualise, to explain away, or to urge restraint, even when the provocation was undeniable.

This is precisely the space Dhurandhar walks into and disrupts.The film doesn't pretend to be neutral. It doesn't try to balance outrage with diplomatic correctness. Instead, it leans into a sentiment that has been building quietly.It also calls out, quite directly, the ecosystem that shaped public discourse for years -- one that often found moral complexity where many saw none. The same ecosystem that mobilised outrage in selective cases -- for instance, on Afzal Guru and Yakub Memon -- but remained conspicuously muted when it came to victims of terrorism.

The film doesn't pretend to be neutral. It doesn't try to balance outrage with diplomatic correctness. Instead, it leans into a sentiment that has been building quietly.



